रोहतक
बुधवार 18 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 42
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.3
न्यून. 10.3

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी

7 स्मृति शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग, पहुंची सातवें स्थान पर

नफा या नुकसान | राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस में कलह उजागर

एक सांसद बनाम 9 विधायक?

एक राज्यसभा सीट जिताने के लिए गंवाने पड़ सकते हैं 9 माननीय

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार कांग्रेस के सियासी दिग्गजों ने राज्यसभा की सीट तो बचा ली लेकिन क्रास वोटिंग ने पार्टी की कलह को बढ़ा दिया है। एक सांसद जिताने के लिए पार्टी के अब 9 विधायकों को गंवाना पड़ सकता है। नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस मामलों के हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने स्वीकार कर लिया है कि कांग्रेस के पांच विधायकों ने क्रास वोटिंग की है और चार के वोट रद्द हुए हैं। दोनों नेताओं ने साफ कर दिया कि इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी होंगे और इन पर कार्रवाई होगी। इस बीच राज्यसभा चुनाव नतीजों के 12 घंटे के भीतर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी पत्नी शैली चौधरी नारायणगढ़ सीट से विधायक हैं। वोटिंग के दौरान वे विस के बाहर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राजनीतिक सलाहकार के साथ नजर आई थीं। अब पूरे विवाद के बाद में शैली चौधरी को लेकर चर्चा है कि किसी भी वक्त उनका इस्तीफा हो सकता है। वैसे, बताया जा रहा है कि वह पार्टी हाईकमान के रुख का इंतजार करेंगी, क्योंकि पार्टी शैली को निकालती है तो विधानसभा सदस्यता बरकरार रहेगी। खुद कांग्रेस छोड़ने की सूरत में विधानसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित हो जाएंगी, जिसके कारण शैली बागी बनकर कांग्रेस में ही बनी रह सकती हैं।

पांच विधायकों को नोटिस की तैयारी, होगी कार्रवाई
कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने दिया पार्टी से इस्तीफा

नारायणगढ़ से विधायक शैली भी दे सकती हैं इस्तीफा

रामकिशन गुर्जर की पत्नी शैली चौधरी अम्बाला जिले की नारायणगढ़ सीट से विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, शैली चौधरी भी इस्तीफा दे सकती हैं। कांग्रेस में रामकिशन गुर्जर और शैली चौधरी की गिनती सांसद सैलजा के करीबियों में होती है। वहीं, नारायणगढ़ मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृह क्षेत्र है। सैनी खुद 2014 में पहली बार इसी सीट से विधायक बने थे और तब उन्होंने रामकिशन गुर्जर को ही हराकर जीत दर्ज की थी। इससे पहले 2005 के विधानसभा चुनाव में गुर्जर ने नारायणगढ़ सीट पर ही नायब सैनी को हराया था। रामकिशन गुर्जर व शैली चौधरी की छोटी बेटी की शादी केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के भतीजे उत्कर्ष चौधरी से हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इसी रिश्तेदारी के जरिए भाजपा ने कांग्रेस की वोट में सेंध लगाने की तैयारी की।

निर्दलीय सतीश नांदल को दिया वोट

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के 5 विधायकों ने पार्टी प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध की बजाय भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग करने वाले 4 विधायक तो तीन दिनों तक हिमाचल में भी सभी विधायकों के साथ में थे। उसके बाद भी वे भाजपा समर्थित प्रत्याशी सतीश नांदल के संपर्क में रहे। शैली कांग्रेस विधायकों के साथ हिमाचल गईं थीं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का रुख देखकर शैली चौधरी अगला कदम उठाने का काम करेंगी, हालांकि इसकी पटकथा पहले ही लिख ली गई है।

इन पर शक

कांग्रेस के पोलिंग एजेंट के तौर पर भूपेंद्र हुड्डा और पार्टी प्रभारी बीके हरिप्रसाद अंदर बैठे हुए थे, इस कारण से क्रास वोटिंग का गेम पार्टी के नेताओं को पता लग गया था। पार्टी के सभी विधायकों को वोट डालने से पहले इन्हें अपना बैलेट दिखाना जरूरी था। इसी दौरान 5 विधायक शक के दायरे में आ गए। दो विधायक नूंह मेवात क्षेत्र से संबंध रखते हैं, साथ ही इनमें एक बीमार है। दोनों ही अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। जबकि एक फतेहबाद जिले से संबंध रखते हैं। उक्त विधायक मंगलवार को विस के अंदर भी मौजूद रहे, जिसने कुछ मुद्दे उठाते हुए सरकार के कामकाज की तारीफ भी की। शैली चौधरी आईं और अपनी हाजिरी लगाकर चली गईं। यहीं नहीं, जिन 4 विधायकों के वोट कैंसिल हुए है, उनको लेकर पार्टी अपने लेवल पर जांच करेगी।

उधर, आडिशा में तीन विधायकों को निकाला

ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने तीनों विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने के लिए स्पीकर को लेटर भी लिखा है। ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है। तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग की वजह से कांग्रेस और बीजद के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा।

न ईवीएम में मोरी होती है न वोट चोरी होती है : सीएम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायकों द्वारा राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया प्रभावित करने के संबंध में कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है। हमने निर्दलीय उम्मीदवार को स्पोर्ट किया।

विपक्ष भी अपना उम्मीदवार खड़ा कर लेते, क्यों नहीं खड़ा किया। सच्चाई यह है कि न वोट चोरी होती है, न ईवीएम में मोरी होती है, लोकतंत्र की यही तो खूबी है जनाब, जगा देती है अंतरआत्मा, अगर वो सो रही होती है।

क्रॉस वोटिंग करने वाले पर होगी कार्रवाई : राव नरेंद्र

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस पार्टी के विधायकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पार्टी आलाकमान को उन पांचों विधायकों के नाम भेजे है। नोटिस देने की प्रक्रिया भी की गई है। यहीं नहीं, जिन विधायकों के वोट कैंसिल हुए है, उनको लेकर पार्टी अपने लेवल पर जांच करेगी।

खामेनेई की मौत के बाद संभाली थी देश की कमान

ईरान के सबसे ताकतवर अफसर लारीजानी को मारा : इजराइल

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने दावा किया है कि रात को की गई एयरस्ट्राइक में ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी मारे गए हैं। अगर इजराइल का यह दावा सही साबित होता है, तो वह इस युद्ध में खामेनेई के बाद मारे जाने वाले सबसे ताकतवर शख्स होंगे। इसके साथ ही इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बताया कि एक अलग हमले में ईरान के बसीज पैरामिलिट्री फोर्स के कमांडर गुलामरजा सुलेमानी को भी मार गिराया गया। हालांकि, इन दावों पर अभी तक ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है। वहीं, इजराइल के दावों के बीच लारीजानी के एक्स अकाउंट पर एक हाथ से लिखा नोट पब्लिश किया है। इसमें उन्होंने हमले में मारे गए ईरानी नौसैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई है।

भारत का नंदी देवी जहाज गुजरात पहुंचा : भारत का नंदा देवी जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार करके आज रात 2:30 बजे गुजरात के वडिनार पोर्ट पहुंचा। इस जहाज में करीब 46,500 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लाई गई है। इससे पहले भारतीय जहाज शिवालिक सोमवार को एलपीजी लेकर 'मुंद्रा पोर्ट' पहुंच चुका है। इस जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है।

- नंदी देवी जहाज में करीब 46,500 मीट्रिक टन पीएनजी
- 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर

जिनका रिकॉर्ड अधूरा वे करवाएं ई-केवाईसी : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उन खबरों पर जवाब दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि अगर ग्राहकों ने ई-केवाईसी नहीं कराया, तो उनका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ई-केवाईसी की जरूरत सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को है, जिनका वेरिफिकेशन अब तक नहीं हुआ है। सरकार ने कहा कि यह कोई नया नियम नहीं है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जो जानकारी दी है, वह पुराने अभियान का ही हिस्सा है। इसका मकसद सिर्फ इतना है कि ज्यादा से ज्यादा गैस ग्राहक अपना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवा लें, ताकि सिस्टम में फर्जीवाड़ा न हो। यदि आप एक सामान्य एलपीजी ग्राहक हैं और आपने पहले अपना ई-केवाईसी करवा लिया है, तो आपको यह प्रक्रिया दोबारा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह नियम सिर्फ उन लोगों पर लागू होता है जिनका रिकॉर्ड अब तक अपडेट नहीं हुआ है। उज्ज्वला योजना के ग्राहकों के लिए नियम थोड़े अलग है।

- सरकार की सफाई, यह कोई नया नियम नहीं

खबर संक्षेप

वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने छोड़ी जदयू

नई दिल्ली। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पार्टी छोड़ दी है और अपने भविष्य के कदम को लेकर जल्द फैसला करेंगे। के.सी. त्यागीसमता पार्टी और जनता दल के विलय से अक्टूबर 2003 में अस्तित्व में आई पार्टी जदयू से जुड़े हुए थे। *एजेंसी*

रिसेप्शन : विंटेज कार में होटल पहुंचे कुलदीप यादव

नई दिल्ली। स्टार स्पिनर कुलदीप यादव की मंगलवार को लखनऊ के द सेंट्रम होटल में रिसेप्शन पार्टी हुई। कुलदीप अपनी दुल्हन वंशिका के साथ रोल्स-रॉयस विंटेज कार में सवार होकर होटल द सेंट्रम पहुंचे। 1960 मॉडल की यह कार दिल्ली से मंगवाई गई है। कुलदीप ने ब्लैक कलर का बंद गला सूट तो वंशिका ने क्रीम कलर की साड़ी पहनी है। *एजेंसी*

डाक विभाग की 3 प्रीमियम सर्विस लॉन्च

24 घंटे में गारंटी के साथ पार्सल की डिलीवरी, देरी पर मिलेगा पूरा पैसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अब आप इंडिया पोस्ट के जरिए अपने जरूरी दस्तावेज या पार्सल 24 घंटे के अंदर भेज सकेंगे। भारतीय डाक विभाग ने मंगलवार को 17 मार्च को 3 नई प्रीमियम सर्विस लॉन्च की हैं। इस सर्विस में डाक विभाग से आपको लिखित गारंटी मिलेगी। खास बात ये है कि अगर तय समय में डिलीवरी नहीं हुई तो 'मनी-बैक गारंटी' के तहत आपको पूरे पैसे वापस मिलेंगे।

24 स्पीड पोस्ट: इसमें आपके जरूरी डॉक्यूमेंट्स बुकिंग के अगले दिन पहुंच जाएंगे।

24 स्पीड पोस्ट पार्सल: यह भारी सामान या बॉक्स के लिए है, जिसे 24 घंटे के अंदर डिलीवर करने की गारंटी है।

48 स्पीड पोस्ट: इसमें आपके पार्सल को पहुंचने में 2 दिन (48 घंटे) का समय लगेगा, यह थोड़ा सस्ता विकल्प हो सकता है।

दिल्ली-मुंबई समेत 6 शहरों में पहले फेज की शुरुआत

डाक विभाग ने इस सर्विस को फिलहाल देश के 6 प्रमुख मेट्रो शहरों में शुरू किया है। इनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद शामिल हैं। इन शहरों में डिलीवरी के टाइमलाइन को पूरा करने के लिए विभाग ने अलग से प्रोसेसिंग यूनिट्स बनाई हैं और पार्सल भेजने के लिए हवाई जहाज का इस्तेमाल होगा।

पाकिस्तान की देर रात एयरस्ट्राइक

तालिबान बोला-400 की मौत का लेंगे बदला

काबुल (एजेंसी)। पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हम इस हमले का करारा जवाब देंगे।

नशा मुक्ति सेंटर पर बम गिराने का आरोप

एनआईए की बड़ी कार्रवाई

6 यूक्रेनी और 1 अमेरिकी नागरिक को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) ने म्यांमार से चल रहे एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का खुलासा किया है। इस मामले में 7 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक अमेरिकन और 6 यूक्रेन के नागरिक भी शामिल हैं। अमेरिकी नागरिक को इमिग्रेशन ब्यूरो ने कोलकाता हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया। वहीं, लखनऊ और दिल्ली के हवाई अड्डों से तीन-तीन यूक्रेनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, इन सभी पर भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने का आरोप है। एनआईए ने इनके खिलाफ यूएपीए की धारा 18 के तहत केस दर्ज किया है। संदिग्धों को दिल्ली लाकर शनिवार को इयूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने का आरोप

40 हज़ार आदिवासी छात्रों को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देने वाली....

नीता एम. अंबानी, केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित

भुवनेश्वर, 17 मार्च 2026। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता एम. अंबानी को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) परिसर में प्रतिष्ठित (केआईएसएस) ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहन मुनासिंघे ने केआईआईटी, केआईएसएस एवं केआईएमएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की उपस्थिति में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार श्रीमती अंबानी की उत्कृष्ट मानवीय पहलों और रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण और खेल प्रोत्साहन के क्षेत्र में सामाजिक विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में आदिवासी बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती नीता एम. अंबानी ने कहा, "जो कुछ हमारे बेटे कर सकते हैं, वही हमारी बेटियां भी कर सकती हैं, बेटों और बेटियों में कोई अंतर नहीं है।" उन्होंने कहा, "हमेशा याद रखें कि आज आप जहां हैं, वह आपकी शुरुआत है, मंजिल नहीं। आप कितनी दूर तक जाएंगे, यह आपके सपनों, आपकी मेहनत और आगे बढ़ते रहने के साहस से तय होगा।" उन्होंने आदिवासी बच्चों पर विश्वास जताते हुए कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि भारत का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है।"

डॉ. सामंत द्वारा 2008 में शुरू किया गया केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड दुनिया भर में मानवीय सेवा की भावना को दर्शाने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है। इस पुरस्कार में प्रशस्ति-पत्र और गोल्ड प्लेटिड ट्रॉफी शामिल होती है।

पिछले वर्षों में यह पुरस्कार विश्व के प्रतिष्ठित नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न महाद्वीपों की विशिष्ट हस्तियों को प्रदान किया गया है। पूर्व में यह सम्मान रतन टाटा, पूज्य दलाई लामा और अनिरुद्ध जगन्नाथ सहित कई अन्य हस्तियों को दिया जा चुका है।

केआईएसएस दुनिया का सबसे बड़ा आदिवासी विश्वविद्यालय है, जहां लगभग 80,000 आदिवासी बच्चों को किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और समग्र विकास की सुविधा प्रदान की जाती है।

ज्ञातव्य है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन, नवोन्मेषी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से भारत की विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में उत्प्रेरक भूमिका निभाने का लक्ष्य रखती है। संस्थापक और अध्यक्ष श्रीमती नीता एम अंबानी के नेतृत्व में, रिलायंस फाउंडेशन सभी के समग्र कल्याण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर काम कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हेतु खेल, आपदा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, शहरी नवीकरण और कला, संस्कृति और विरासत जैसे क्षेत्रों में योगदान देना है। इसने भारत भर में 91,500 से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों में 8.8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का अभिनव प्रयास किया है।

सुप्रीम कोर्ट बोला-पितृत्व अवकाश पर भी कानून बने

किसी भी उम्र का बच्चा गोद लेने पर अब मिलेगा मातृत्व अवकाश

अभी उम्र 3 महीने से कम होना जरूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है। जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी।

याचिकाकर्ता की दलील

- पितृत्व अवकाश को कानून में शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे की देखभाल सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं है।
- गोद लेने वाली मां के लिए 3 महीने की उम्र की शर्त गलत और भेदभावपूर्ण है।
- यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है।

सुप्रीम कोर्ट का तर्क

- पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए केंद्र सरकार कानून बनाए।
- इस छुट्टी की अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के अनुसार तय होनी चाहिए।
- बच्चे के शुरुआती विकास में मां और पिता दोनों की भूमिका अहम है।
- गोद लेने वाली मां को सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे पर ही छुट्टी देना पूरी तरह असंवैधानिक है।
- अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को मातृत्व अवकाश मिलेगा।

उम्र के आधार पर छुट्टी देना संविधान का उल्लंघन

बेंच ने धारा 60 (4) को असंवैधानिक करार देते हुए बच्चे की उम्र 3 महीने से कम होने के नियम को रद्द कर दिया। हमसानंदिनी नंदूरी ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि उम्र के आधार पर छुट्टी देना गलत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पितृत्व अवकाश (पिता की छुट्टी) को भी कानून में शामिल करे। कोर्ट ने कहा कि इसकी अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के अनुसार तय होनी चाहिए।

खबर संक्षेप

साइबर ठगी के मामलों में 36 प्रतिशत की कमी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में साइबर क्राइम के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में जहां 6054 मामले सामने आए थे, वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर 5000 रह गई, जो लगभग 17 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। इसी प्रकार ठगी के मामलों में भी बड़ी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में 9804 मामलों की तुलना में वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर 6324 रह गई, जो करीब 36 प्रतिशत की कमी है।

तावडू में नशामुक्ति केंद्र खुलेगा : आरती राव

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तावडू में एक नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी।उन्होंने बताया कि जिला नूंह में दो सरकारी नशा मुक्ति केन्द्र कार्यरत हैं, जिनमें शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज , नल्हड़ में 10 तथा जिला नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में 17 बेड नशा मुक्ति हेतु मरीजों के लिए आरक्षित हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक जिला नूंह में नशे के कारण किसी भी व्यक्ति की मृत्यु की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

बजट सत्र : विपक्षी विधायकों ने स्पीकर के सामने की नारेबाजी

राज्यसभा चुनाव को लेकर विधानसभा में हंगामा, 8 कांग्रेसी विधायक नेम, वॉकआउट

कादियान बोले- क्रॉस वोटिंग से सदन की गरिमा घटी, ऐसे हालात क्यों पैदा हुए

मुख्यमंत्री का जवाब- लोकतंत्र की यही तो खूबी है, यह अंतर आत्मा को जगा देता है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र का बारहवें दिन की कार्यवाही बेहद ही हंगामेदार रही। खासतौर पर राज्यसभा का चुनाव मुद्दा बना और कांग्रेसी विधायकों ने स्पीकर की चेयर के सामने जाकर हंगामा, शोरगुल, नारेबाजी की कईं बार विस अध्यक्ष की ओर से चेतावनी दी गई। उसके बाद भी विधायक नहीं माने, तो 15 मिनट के लिए कार्यवाही को रोक दिया गया। जिसके बाद में एक बार फिर से शुरु हुई, तो शोरगुल व नारेबाजी के बीच दोपहर भोज का अंतराल कर दिया गया। दूसरे चरण में कार्यवाही शुरु होने पर जब एक बार फिर से हंगामा और नारेबाजी की गई, तो 8 को नेम कर दिया गया। इस दौरान शोरगुल, हंगामा व नारेबाजी करते हुए वोट चोर वोट चोर गद्दी छोड़ करते हुए कांग्रेस विधायक बाहर चले गए विस परिसर में ही नारेबाजी करते रहे। सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ ही शुरु हुई कार्रवाई के बाद में राज्यसभा चुनाव को लेकर जमकर हंगामा और नारेबाजी शुरु हो गई। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा इस पर बोलने खड़े हुए तो सत्ता पक्ष की ओर से मंत्री कृष्ण बेदी गौरव गौतम खड़े हो गए। इस दौरान नेता विपक्ष ने तंज किया और कह कि जब भी वे खड़े होते हैं, तो बोलने से पहले ही मंत्री डांस करने लग जाते हैं, यह क्या तरीका है? जिस पर मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा, आप रिकॉर्डिंग निकलवा कर चेक करो , यदि मैंने डांस किया हो। अगर इस तरह की कोई बात नहीं निकली तो सॉरी बुलवाऊंगा, छोड़ूंगा नहीं। दोपहर बाद कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव पर पूर्व की तरह से नारेबाजी और हंगामा किया। जिस पर नाराज हुए विस अध्यक्ष ने कामकाज को चलने देने की अपील की और चेतावनी भी दी। सदन नहीं चलने देने पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यह स्टेडियम नहीं है। बार बार चेतावनी के बाद भी नहीं मानने पर आठ कांग्रेस विधायकों को नेम कर दिया गया। इस पर कांग्रेस विधायकों सभी ने नारेबाजी के साथ एक साथ वॉकआउट किया। बाहर आकर परिसर के अंदर ही मीडिया से बातचीत की और हमला बोला।

- हुड्डा का तंज, मैं बोलने उठता हूं और मंत्री डांस में लग जाते हैं
- मंत्री बेदी का सख्त रुख, कहा 'रिकॉर्डिंग चेक करो, गलत निकला तो माफी भी मंगवाऊंगा, छोड़ूंगा नहीं

इसके बाद में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शायरी पढ़ते हुए कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि इतने सीनियर नेता होने के बाद भी यह नहीं जानते हैं कि न वोट चोरी होती है, न ईवीएम में कोई गड़बड़ी होती है। लोकतंत्र की यही तो खूबी है, यह अंतरआत्मा को जगा देता है, अगर वह सोई हुई होती है। कांग्रेस विधायक डाक्टर रघुवीर कादियान ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पूरे मामले को उठाया और कहा कि इस काम से गरिमा घटी है।

ये हालात ऐसे क्यों पैदा हुए। विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सदन में इस विषय की जरूरत क्या है, जिसके बाद में विपक्ष की बेंचों से सभी खड़े हो गए और कांग्रेस के सभी विधायक नारेबाजी करते हुए वेल तक जा पहुंचे। विधायकों को नेम करने पर कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

नायब का कांग्रेस पर तंज, आरोप लगाकर भाग जाना उनकी फितरत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता देख रही है जिस प्रकार कांग्रेस के विधायक सदन में झूठ बोलकर सदन से वॉक आउट कर जाते हैं, यही कांग्रेस की फितरत रही है कि आरोप लगाओ और भाग जाओ। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो अपने आप को नहीं संभाल सकते वो घर को क्या संभालेंगे। हम पर झूठे आरोप लगाकर वह भाग जाते हैं। विपक्ष का यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट अनुमान 2026—27 पर चर्चा के उपरांत जवाब दे रहे थे। कांग्रेस के वॉकआउट करने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी सदस्य पता नहीं किस चश्मे से बजट को देख रहे हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। केवल अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के लिए बजट पर निराधार टिप्पणियां कर रहे हैं। विपक्ष ने बजट को गंभीरता से नहीं पढ़ा उन्हें यही नहीं पता कि बजट में विकास के लिए क्या-क्या प्रावधान किए गए हैं तो वे प्रदेश की समस्याओं पर कैसे चर्चा कर सकते थे। जो सड़क पर आरोप लगाते हैं, उन्हीं आरोपों को सदन में बोल देते हैं।

भाजपा का लोकतंत्र व जनमत में कोई भरोसा नहीं : हुड्डा

- बीजेपी सिर्फ हथकंडों के दम पर जीतना चाहती है चुनाव

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी राज्यसभा चुनाव में भी वोट चोरी के अपराध को अंजाम देने से बाज नहीं आई। सत्ता बल का दुरुपयोग कर बीजेपी ने हमारे नेता राहुल गांधी के आरोपों को सच साबित कर दिया है। संख्याबल ना होते हुए भी बीजेपी द्वारा पार्टी उपाध्यक्ष दूसरे उम्मीदवार को चुनाव में उतारना बताता है कि इस पार्टी का लोकतंत्र और जनमत में कोई भरोसा नहीं है। ये सिर्फ हथकड़ों के दम पर जीतना चाहती है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए। सरकारी तंत्र का जमकर दुरुपयोग किया गया। कांग्रेस के चार वैध वोट भी रद्द कर दिए गए, जबकि वे वोट रिटर्निंग ऑफिसर ने कई बार स्वीकार भी किए थे।

जनता सबक सिखाएगी : भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जिन 5 कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के विरुद्ध क्रॉस वोटिंग की, उनके नाम हाईकमान को भेज दिए गए हैं। इन सभी को खुद ही विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, वरना आने वाले कुछ दिनों में पार्टी की ओर से इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों को न सिर्फ पार्टी, बल्कि उनके हलके की जनता भी सबक सिखाएगी।

प्रदेश में बची-खुची कांग्रेस भी बिखराव की ओर : बड़ौली

- कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर
- वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के विधायकों पर भरोसा नहीं

चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद संजय भाटिया को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में बढ़ते आंतरिक संघर्ष, गुटबाजी के चलते बची-खुची कांग्रेस पार्टी भी अब बिखराव की तरफ बढ़ रही है।बड़ौली ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस अपने विधायकों को हिमाचल में अलग-अलग स्थानों पर लेकर जाती रही। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अपने विधायकों पर ही भरोसा नही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है, यही कारण है कि कांग्रेस के विधायक पार्टी से तंग आ चुके हैं। आने वाले समय में कांग्रेस में बिखराव की शुरुआत हो जाएगी।

इनेलो कांग्रेस की बी टीम : बड़ौली ने इनेलो पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इनेलो कांग्रेस पार्टी की बी टीम साबित हुई। इनेलो ने चुनाव का बहिष्कार करके अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस का ही सपोर्ट किया है। इनेलो ने अपने विधायकों को वोट करने से रोका यह लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा को जन-जन का प्यार मिल रहा है।

कांग्रेस के आरोप निराधार, बजट में एसवाईएल के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान : सैनी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2026-27 के प्रस्तावों में एसवाईएल नहर के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, इसलिए विपक्ष का यह आरोप कि बजट में एस.वाई.एल. नहर का कहीं जिक्र नहीं है, पूरी तरह से निराधार है। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट अनुमान 2026-27 पर चर्चा के उपरांत जवाब दे रहे थे।सैनी ने कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के साथियों ने यह कहा कि वे तीन दिन से बजट भाषण पढ़ रहे हैं और उसमें एसवाईएल नहर का कहीं जिक्र नहीं है। इन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा के गठन के लगभग 60 वर्षों के इतिहास में ऐसा कोई बजट नहीं रहा, जिसमें एसवाईएल का उल्लेख न किया गया हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बजट 2026-27 के दस्तावेज खंड-III, जो कि पूंजीगत व्ययों का ब्यौरेवार अनुमान प्रस्तुत करता है, उसके पृष्ठ संख्या 204 पर स्पष्ट रूप से नहर का निर्माण के सब-हेड में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED
District Office- Hafed, Jind Road, Kaithal (Haryana).
TEL: (01746)- 222626, E-mail: dmhfdktl@hry.nic.in

Inviting quotations for calibration of Moisture Meter

Sealed quotations are hereby invited from reputed distributors/dealers for calibration of digital moisture meters lying at the various complex/ godowns of Hafed Kaithal.

1. Rates quoted should be inclusive of all Taxes and FOR basis.
2. The earnest money will have to be deposited Rs. 15000/- (Fifteen Thousand only) accompanied with proceeding of tender form only in the shape of bank draft or pay order in favor of Hafed Kaithal and the successful tenderer should have to furnish security deposit of Rs. 30000/- including earnest money.
3. Offer without earnest money will not be entertained. The sealed offer should be submitted in the office of the undersigned on 24.03.2026 at 02:00PM and the same will be opened on the same day at 02:30PM in the presence of the tenderer. The quantity of the Moisture Meters may be increased or decreased.

Hafed reserve the right to accept or reject any bid without assigning any reason.

Sd/-District Manager
Hafed Kaithal

हरियाणा की ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी जल्द : मुख्य सचिव

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी लाने जा रही है। इसके अलावा, आईओसी द्वारा पानीपत में पीपीपी मॉडल पर 10,000 टन प्रति वर्ष क्षमता की देश की पहली मेगा ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना स्थापित की जा रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में इस सम्बन्ध में मंगलवार यहां उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस परियोजना के माध्यम से भारतीय तेल निगम लिमिटेड की पानीपत

रिफाइनरी को ग्रीन हाइड्रोजन की आपूर्ति की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को दिसंबर 2026 तक चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मानव जीवन और उसके सम्मान का कोई मौद्रिक मूल्य नहीं हो सकता : हाईकोर्ट

करंट लगने से दिव्यांग हुई बच्ची को 99.93 लाख मुआवजा देने का आदेश

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक बेहद संवेदनशील मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए छह वर्षीय बच्ची को करंट लगने से 92 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता होने पर 99.93 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मानव जीवन की कीमत नहीं लगाई जा सकती, लेकिन पीड़ित को न्यायसंगत और पर्याप्त मुआवजा देना राज्य की जिम्मेदारी है। मामले में महेंद्रगढ़ निवासी अंशु ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। बच्ची 25 जनवरी 2022 को अपने घर की छत पर खेल रही थी, तभी घर के सामने बेहद करीब से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। हादसे में उसे गंभीर जलन हुई और बाद में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में इलाज के दौरान उसका दाहिना हाथ कंधे से काटना पड़ा। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार उसे 92 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता हो गई। अदालत ने पाया कि यह हादसा बिजली निगम की लापरवाही का परिणाम था।

- महेंद्रगढ़ की अंशु के याचिका पर आदेश

नहर में गिरकर किसान की मौत, परिवार को मिलेगा मुआवजा

चंडीगढ़। हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि नहर का मोघा बंद करते समय डूबकर जान गंवाने वाले किसान के परिवार को मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना-2013 के तहत 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। यह आदेश जस्टिस जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने भिवानी निवासी कमला नामक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में महिला ने 4 फरवरी 2025 और 27 जून 2025 को पारित उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनके जरिए उसके पति की मौत के मामले में मुआवजा देने से इनकार कर दिया गया था। याचिका के अनुसार, कमला के पति राम कुमारखेत के पास नहर के मोघे को बंद करने का प्रयास करते समय नहर में बह गए थे।

सार्वजनिक सूचना

(हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 195(a), 273(2) एवं 309(1)(h) के अंतर्गत तथा भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 188 के साथ पठित) नगरपालिका क्षेत्रों के निवासी, विशेषकर अनधिकृत कॉलोनियों में, डेयरियां चला रहे हैं तथा पशु पालन कर रहे हैं। वे पशुओं के गोबर को खुले स्थानों/सड़कों पर या सीवर लाइन/नालियों में फेंक देते हैं। गोबर के कारण सीवर लाइनों की स्व-सफाई क्षमता कम हो जाती है और सीवरेज प्रणाली जाम हो जाती है, जिससे न केवल सड़कों पर सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होता है बल्कि दुर्गंध भी फैलती है। इसके परिणामस्वरूप बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ता है तथा सार्वजनिक असुविधा उत्पन्न होती है। सीवर लाइनों में पशु गोबर से मीथेन गैस भी उत्पन्न होती है, जो सीवर लाइनों का रखरखाव करने वाले कर्मचारियों के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। अतः ऐसी परिस्थितियों को रोकने के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा नगरपालिका क्षेत्रों में पशु गोबर के वैज्ञानिक निपटान हेतु "Cattle Dung Management Policy" तैयार की गई है। इस नीति के प्रावधानों के अनुसार यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि पशु गोबर का वैज्ञानिक निपटान करना उसका उत्पन्न करने वाले व्यक्ति की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी संबंधित पशु मालिकों को इस सार्वजनिक सूचना जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर संबंधित नगरपालिका में अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। इस उद्देश्य के लिए पंजीकरण प्रपत्र संबंधित नगरपालिका की वेबसाइट पर उपलब्ध है। नगरपालिका अपने स्तर पर निर्धारित स्थान पर सामान्य सुविधा केंद्र के माध्यम से गोबर के संग्रहण, परिवहन तथा वैज्ञानिक निपटान की व्यवस्था करेगी तथा "Polluter Pays Principle" के आधार पर गणना करके शुल्क निर्धारित करेगी। निम्नलिखित उल्लंघनों/चूकों की स्थिति में पशु मालिकों के विरुद्ध हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 195(a), 273(2) एवं 309(1)(h) तथा भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी: (क) इस सार्वजनिक सूचना के 30 दिनों के भीतर संबंधित नगरपालिका में पंजीकरण न करवाना। (ख) पशु गोबर को खुले स्थानों, सड़कों के किनारे या वर्षा जल नालियों/सीवर लाइनों आदि में फेंकना। (ग) परिसर/संपत्ति के उपयोग के आधार पर निर्धारित नगरपालिका शुल्क का भुगतान न करना। उपरोक्त उल्लंघनों की स्थिति में अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित दंड के अतिरिक्त पशुओं को जब्त कर पंजीकृत गौशाला को सौंप दिया जाएगा तथा संबंधित पशु मालिकों के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर NGT के आदेश (OA No. 199 of 2014, मामला: श्रीमती अलमित्रा एच. पटेल बनाम भारत संघ) के अनुसार प्रत्येक उल्लंघन पर रुपये 10,000 (दस हजार रुपये) का पर्यावरणीय मुआवजा भी लगाया जाएगा। नगरपालिका अपने सभी निवासियों से अनुरोध करती है कि वे इस पहल का समर्थन करें तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नोडल अधिकारी से मोबाइल नंबर 9050157900 या ईमेल आईडी atelimc@gmail.com के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

-हस्ता-
सचिव नगरपालिका अटेली मण्डी।

डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन
श्री अभिषेक सैनी, राधे एंटरप्राइजेज, दि ड्रीम्स क्रिकेट अकेडमी, श्री रिषभ, श्रीमती सीमा सैनी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10806998)	11/03/2026 रु. 3142641/- (रुपये इकतीस लाख बयालीस हजार छह सौ इकतालीस केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- स्टेशन एरिया, नीलोखेड़ी टाउनशिप, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल, हरियाणा-132117 में स्थित मकान नं. ई-9, सम्पत्ति आईडी नं. 7MCEB409, वार्ड नं. 8 वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, Covered_Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 668.43, 1200.00.

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया हमारे शाखा कार्यालय : प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा-122015 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय :** आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 18.03.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
फोन नं. 0172-2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

एमपीएचडब्ल्यू के लिए सार्वजनिक सूचना विज्ञा. सं. 04/2026

यह उन उम्मीदवारों की जानकारी के लिए है, जो विज्ञा. सं. 04/2026, ग्रुप नं. 1, श्रेणी सं. 3 के तहत एमपीएचडब्ल्यू (एम) के पद के लिए आवेदन कर रहे हैं। मैमो नं. डीएमईआर/एफ-03/पार्ट फाइल/ एमपीएचडब्ल्यू (एम)/ 2026/ 2617 दिनांक 17.02.2026 के तहत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, हरियाणा से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर, आयोग ने निर्णय लिया है कि एमपीएचडब्ल्यू(एम) उम्मीदवार जिनके डीएमसी/डिप्लोमा प्रमाण-पत्र उनके डीएमसी/डिप्लोमा प्रमाण-पत्र में परिणाम की तिथि का उल्लेख किये बिना वर्ष 2014 में आयोजित परीक्षा, बैच 2012-13 के लिए जारी किये गये थे, ऐसे उम्मीदवार अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में 01 दिसम्बर 2014 भर सकते हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि यह जानकारी केवल उन उम्मीदवारों के लिए है जिनके प्रमाण-पत्र 30.05.2014 से पूर्व आयोजित परीक्षा की तिथि के बिना जारी किए गए थे।

स्थान : पंचकूला हस्ता/- अवर सचिव,
दिनांक : 16.03.2026 कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/703/2026/43910/88/6 दि. 17.03.26 पंचकूला

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :—

SW/JSO/1358

हमकि (1) अनिल कुमार (2) अजीत सिहं (3) राजेन्द्र पुत्रान शिवलाल पुत्र प्रथी, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2020—21 व इंतकाल न0 8981 तबादला व फर्द बदर न0 69, के अनुसार खेवट न0 260मिन/243, खाता न0 268मिन, मु0 न0 35, किला न0 8(7—4), 9(8—6), किते 2, तादादी रकबा 15 कनाल 10 मरले का 480/869 भाग, बकदर 8 कनाल 11.23 मरले (जिसमें अनिल कुमार — अजीत सिहं — राजेन्द्र हर तीन समभाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 571/3875 भाग, बकदर 2 कनाल 5.68 मरले (जिसमें अनिल कुमार 8/155 भाग व अजीत सिहं 917/15500 भाग व राजेन्द्र 567/15500 भाग) व खेवट न0 1170मिन/1128, खाता न0 1220मिन, मु0 न0 35, किला न0 6/2(1—18), 7(6—5), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 3 मरले का 125585/1175016 भाग, बकदर 0 कनाल 17.42 मरले (जिसमें अनिल कुमार मालिक व काबिज है) जिसमें से कुल रकबे का 408/4075 भाग, बकदर 0 कनाल 16.32 मरले (जिसमें अनिल कुमार मालिक व काबिज है), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 3 कनाल 2 मरले (0.3875 एकड़) वाका रकबा मौजा दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 35, किला न0 7 मिन उत्तर पश्चिम (1—13), 8 मिन उत्तर (1—5), 9 मिन उत्तर (0—4), किते 3, तादादी रकबा 3 कनाल 2 मरले (0.3875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :—

5826

हमकि (1) छोटी विधवा व (2) सन्तराम पुत्र सम्पूर्ण पुत्र जयलाल, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) व (3) कविता पुत्री सम्पूर्ण पुत्र जयलाल हाल आबाद कविता पत्नी सत्यवान, निवासी गांव कनहेटी, जिला भिवानी, हरियाणा—127307 में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023—24 के अनुसार खेवट न0 982/839, खाता न0 1017, मु0 न0 341, किला न0 22(8—0) किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला का 1/2 भाग, बकदर 4 कनाल 0 मरला व खेवट न0 2341 मिन/2005, खाता न0 2416 मिन, मु0 न0 313, किला न0 24/3/1(0—19), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 19 मरले सालम भाग व खेवट न0 2346 मिन/2010, खाता न0 2421 मिन, मु0 न0 312, किला न0 21/1(0—5), मु0 न0 313, किला न0 24/2(0—0), 25/2(0—8), मु0 न0 322, किला न0 1/1(0—8), किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 1 मरला का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 5.25 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 5 कनाल 4.25 मरले (0.6515625 एकड़) (जिसमें छोटी — सन्तराम — कविता हर तीन समभाग), वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 313, किला न0 24/3/1(0—19), मु0 न0 341, किला न0 22 मिन पूर्व (4—0) किते 2, तादादी रकबा 4 कनाल 19 मरले व खेवट न0 2346 मिन/2010, खाता न0 2421 मिन, किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 1 मरला का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 5.25 मरले, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 5 कनाल 4.25 मरले (0.6515625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 17.03.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0—285, सैक्टर—14,
गुरुग्राम — 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर	सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	चरण सिंह पुत्र चांद (कर्जदार), राजबाला पत्नी चरण सिंह (सह-कर्जदार), श्री राम पुरी वाटर, शॉप नं. 253, दिल्ली रोड, हिसार कैंट, हिसार हिसार, हरियाणा 125005. LHHIS00001323657.	दस्तावेज नं. 8983 दिनांक 17.12.2019 के अनुरूप चरण सिंह के पक्ष में निष्पादित कौशिक नगर, हिसार में स्थित खेवट नं. 2232//2308, खतौनी नं. 2558, खसरा नं. 94//26 (1-12) में निहित भूमि माप 1के-12एम का 5/32 हिस्सा जो माप 150 वर्गगज है, सम्पत्ति/प्लॉट नं. 176 के सभी भाग व हिस्से। दस्तावेज नं. 8982 दिनांक 17.12.2019 के अनुरूप चरण सिंह के पक्ष में निष्पादित कौशिक नगर, हिसार में स्थित खेवट नं. 2232//2308, खतौनी नं. 2558, खसरा नं. 94/26 (1-12) में निहित भूमि माप 1के-12एम का 11/96 हिस्सा जो माप 111.11 वर्गगज है, सम्पत्ति/प्लॉट नं. 174 के सभी भाग व हिस्से। दस्तावेज नं. 4312 दिनांक 23.07.2019 के अनुरूप चरण सिंह के पक्ष में निष्पादित सातरोड खास-हिसार में स्थित खेवट नं. 138 मिन//132 खतौनी नं. 200 मिन, खसरा नं. 139//6 (7-19) में निहित भूमि माप 7के-19एम का 1/72 हिस्सा जो माप 66.66 वर्गगज है, सम्पत्ति/प्लॉट नं. 253 के सभी भाग व हिस्से। / कब्जे की तिथि 13 मार्च 2026	11-12-2025' रु. 30,56,858/-	हिसार

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 18 मार्च 2026, स्थान : हिसार प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	नॉयलोन जुराबों (294 एमएम, 200 एमएम और 160 एमएम) की खरीद के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध की व्यवस्था करना।	18.03.2026 16.04.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
2	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा	प्रीकास्ट एफसीसी पाइप्स कनफॉर्मिंग टू आईएस : 1458-2003, बेस प्लेट मोनोलिथिक, रिइनफोर्समेंट सहित स्टील वेल्डेड की खरीद के लिए दो वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना।	18.03.2026 16.04.2026		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in
3	पंचायती राज ब्लॉक बौंद कलां	गांव अचीना में श्री केशव गौशाला में टिन शैड का निर्माण + 1 कार्य।	14.03.2026 20.03.2026	10.19 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com
4	पंचायती राज फरीदाबाद	गांव बहबलपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य।	16.03.2026 23.03.2026	288.63 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com
5	पंचायती राज फरीदाबाद	गांव पाली ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में एस.सी. चौपाल (निकट बालाजी मंदिर) का निर्माण।	16.03.2026 23.03.2026	10.84 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/100/43938/I/88/6 दि. 17.03.26

खबर संक्षेप

अमेरिका भेजने के नाम पर 35 लाख ठगी में आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। अमेरिका भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा, फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश पुत्र कृष्ण उर्फ पप्पू निवासी गांव समैण, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इकनोमिक सेल प्रभारी निरिक्षक सन्दीप ने बताया कि गांव समैण निवासी सुखविंदर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके बेटे अंकुश को अमेरिका भेजने का झांसा दिया था। आरोपियों ने इसके बदले 35 लाख रुपये की मांग की थी। आरोपियों ने अंकुश को थाईलैंड, चीन, पेरिस, ब्राजील, कोलंबिया और पनामा जैसे विभिन्न देशों के रास्ते 'डंकी' लगवाकर भेजा। मैक्सिको पहुंचने पर आरोपियों ने पीड़ित का पासपोर्ट और मोबाइल छीन लिया। अंत में, अमेरिका बॉर्डर पार करते समय पीड़ित को वहां की मिलिट्री ने पकड़ लिया, जिसके कारण उसे करीब 9 महीने कैद में बिताने पड़े। बाद में उसे वापस डिपोर्ट कर दिया।

रेवाड़ी के खेत में कंकाल मिलने से सनसनी

रेवाड़ी। मंगलवार देर सायं मुकुंदपुर बसई गांव के खेतों में नरकंकाल मिलने से सनसनी मच गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। सरसों की कटाई के चलते एक खेत में कंकाल पड़ा देखकर लोग सहम गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कसोला पुलिस ने मौके पर जाकर कंकाल को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस के अनुसार कंकाल काफी पुराना है। उसे जांच के लिए सीएफएल भिजवाया जाएगा।

होडल नप में फ्लाइंग का छापा, प्रॉपर्टी आईडी में मिली गड़बड़ी

पलवल। सीएम फ्लाइंग टीम ने होडल नगर परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए, जबकि सात कर्मचारी देरी से कार्यालय पहुंचे। टीम को रिकॉर्ड में भी कई खामियां मिलीं। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नगर परिषद कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते और प्रॉपर्टी आईडी बनाने में धांधली भी हो रही है। सीएम फ्लाइंग ने तहसीलदार होडल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाकर और नगर पालिका हथीन के सचिव देवेंद्र कुमार के साथ एक संयुक्त टीम गठित की। निरीक्षण में दो ऐसी प्रॉपर्टी आईडी पाई गई, जिनमें पहले भूमि का प्रकार व्यावसायिक था, लेकिन बाद में उसे आवासीय में परिवर्तित कर दिया गया। टीम ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए रिपोर्ट तैयार की है। इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सोनीपत में संदिग्ध हालात में देवर-भाभी की मौत

बुजुर्ग महिला की गला काटकर हत्या पास ही देवर का शव फंदे पर मिला

- एक ही मकान में भूतल व ऊपरी तल पर रह रहे थे दोनों, देवर पर हत्या कर खुद सुसाइड करने का शक
- मकान के भूतल पर अकेली रहती थी महिला, पति की हो चुकी मौत, बेटा विदेश में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के सेक्टर-14 स्थित एक मकान में मंगलवार को बुजुर्ग महिला की गले पर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वहीं, उनके देवर का शव फंदे पर लटका मिला। दोनों की उम्र करीब 78 वर्ष है। इन दोनों मौतों से कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि देवर ने पहले भाभी की हत्या की और बाद में खुद फंदा लगाकर जीवन समाप्त कर ली। पूरी सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।

सोनीपत। अलमारी के ऊपर लिखा हत्या संबंधी संदेश।

परिवार में चल रहा था संपत्ति विवाद

जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि परिवार में पहले से कुछ विवाद चल रहे थे, जिनमें संपत्ति और पुराने मामलों को लेकर तनाव बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों बुजुर्ग सामान्य रूप से अपने-अपने हिस्से में रहते थे और बाहरी तौर पर किसी बड़े विवाद की जानकारी नहीं थी। ऐसे में इस तरह की घटना ने सभी को हैरान कर दिया है।

मूल रूप से गांव रामपुर कुंडल निवासी महाबीर राणा वर्ष 2012 से सेक्टर-14 के मकान नंबर 1120 में परिवार के साथ रह रहे थे। वह मकान की पहली मंजिल पर पत्नी और बेटे के परिवार के साथ रहते थे। वहीं, उनकी भाभी आशा भूतल पर अकेली रहती थी। आशा के पति बीर सिंह का 11 साल पहले निधन हो चुका था। आशा का बेटा कई वर्षों से विदेश में है, लेकिन उसके ठिकाने का नहीं पता। घटना वाले दिन सुबह महाबीर राणा घर से यह कहकर निकले थे कि वह दूध लेने जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। इसी बीच घर में काम करने वाली महिला जब भूतल पर आशा का कमरा खोलने लगी तो वह अंदर से बंद था। दरवाजा ने खुलने पर परिजनों को सूचना दी गई और उसे तोड़ना पड़ा। अंदर का दृश्य देख सभी स्तब्ध रह गए। कमरे में आशा का शव जमीन पर पड़ा था और उनके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे।

वहीं, पास ही महाबीर राणा का शव बिजली के तार के सहारे छत से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही सेक्टर-27 थाना पुलिस, फॉरेंसिक टीम और क्राइम सीन यूनिट मौके पर पहुंची। वहीं, डीसीपी सोनीपत कुशल पाल सिंह ने बताया कि महिला के मायका पक्ष के लोग उत्तर प्रदेश के नोएडा में रहते हैं। उनके आने के बाद बयान लेकर कार्रवाई की जाएगी।

मृतका पर लगाए उनके ही पति की हत्या के आरोप

प्रारंभिक जांच में कमरे के भीतर कुछ लिखे हुए संदेश भी मिले हैं, जिनमें पुराने पारिवारिक विवाद और आरोपों का जिक्र किया गया है। कमरे में दीवार के अंदर अलमारी व बेड के बॉक्स पर लिखा मिला है कि उनके भाई बीर सिंह राणा को आशा ने उषा व उसके पति दिनेश के साथ मिलकर मारा था। इन संदेशों को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच का हिस्सा बनाया है।

रेवाड़ी में खाद्य आपूर्ति विभाग ने मारा छापा

गोदाम से 2500 छोटे खाली सिलेंडर जब्त

- गैस का दबाव बढ़ते ही इनके फटने की संभावना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश में गैस की किल्लत व कालाबाजारी की खबरों के बीच रेवाड़ी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार सायं बावल के रसियावास फाटक के पास अवैध रूप से बेचे जाने वाले छोटे सिलेंडरों का गोदाम पकड़ा गया है। इस गोदाम से लगभग ढाई हजार खाली सिलेंडर बरामद किए हैं। टीम ने पुलिस को मौके पर बुलाकर केस दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने गोदाम मालिक को हिरासत में ले लिया।

विभाग की इन्फोर्समेंट टीम के इंचार्ज एएफएसओ सत्यप्रकाश, सप्लाई इंचार्ज रविंद्र कुमार व सब इंस्पेक्टर जयबीर सिंह की टीम ने पहले गैस एजेंसियों के स्टॉक की जांच की। इसके बाद बावल के रसियावास रोड पर एक गोदाम पर रेड की। कैलाश एंड सन्स के नाम से चल रहे गोदाम में बड़ी संख्या में एक किलोग्राम से पांच किलोग्राम वजन तक के छोटे सिलेंडर भरे हुए थे।

सिंगल लेयर खतरनाक

सप्लाई इंचार्ज रविंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह के सिलेंडर बेचना पूरी तरह गैर कानूनी है। यह सिलेंडर सिंगल लेयर के बने हुए हैं। गैस का दबाव बढ़ते ही इनके फटने से हादसा होने की पूरी आशंका बनी रहती है। ऐसे सिलेंडरों को बेचने के लिए किसी तरह की कोई अनुमति नहीं दी जाती।

सोनीपत स्टेशन पर संदिग्ध कैमरे की जांच को नहीं पहुंची टीम

सोनीपत। रेलवे स्टेशन के करीब 500 मीटर दूरी पर रेल लाइन के साथ ओएचई पोल पर सोलर प्लेट सहित लगे संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे की तीसरे दिन भी सुध नहीं ली गई। मंगलवार को दिनभर दिल्ली व उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से अधिकारियों व तकनीकी टीम के मौके पर पहुंचने की संभावना का दौर जारी रहा, लेकिन शाम तक किसी ने संदिग्ध सीसीटीवी के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। सूत्रों की मानें तो बुधवार को दिल्ली से टीम पहुंचकर सीसीटीवी की जांच कर सकती है। रेलवे सुरक्षा बल को रविवार सुबह गश्त के दौरान थाने से कुछ दूरी पर हिंदू कन्या कॉलेज के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में ओएचई पोल पर सीसीटीवी लगा मिला था। आरपीएफ ने स्थानीय जांच के आधार पर सीसीटीवी संबंधी जानकारी नहीं मिलने पर दिल्ली मुख्यालय स्थित उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी। साथ ही सीसीटीवी को सफेद कपड़े से ढककर करीब 50 मीटर दायरे को सील कर लोगों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। इससे पहले गाजियाबाद में भी ऐसा ही मामला सामने आया है।

ज्वेलर्स को लूटने वाले बदमाश का एनकाउंटर

- 11 मार्च को 50 लाख के जेवर लूटे थे, दो आरोपी पहले पकड़े थे, तीसरे के पैर में मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव सरूरपुर में 11 मार्च को ज्वेलर्स की दुकान पर हुई 50 लाख के सोने की लूट के मामले में तीसरे आरोपी की मंगलवार सुबह सूरजकुंड के पास क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें आरोपी के पैर में गोली लगी है। आरोपी का नाम धर्मबीर यादव उर्फ बाबू है, जो संभल का रहने वाला है। इस मामले में गांव सिंगरैड़ा, मुजफ्फरनगर निवासी साकिब और जावेद नाम के दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एसीपी अपराध वरूण दहिया ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मंगलवार सुबह क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने आरोपी धर्मबीर को शूटिंग रेंज रोड सूरजकुंड पर मुठभेड़ के बाद काबू किया है। वह बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर दिल्ली से सूरजकुंड की तरफ आ रहा था। पुलिस टीम द्वारा उसे रुकवाने की कोशिश की गई परंतु वह नही रुका और पुलिस टीम पर दो फायर किए। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी। मौके पर अवैध पिस्टल बरामद की गई है। आरोपी धर्मबीर के ऊपर पूर्व में लूट, डकैती आदि से संबंधित 4 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं। विगत 11 मार्च को दिन के समय गांव सरूरपुर में स्थित संजय की ज्वेलर्स की दुकान पर नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर करीब 350 ग्राम सोने के आभूषण लूट लिए थे।

फरीदाबाद। मौकास्थल पर आरोपी की बाइक के साथ पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

जगदीश झींडा पर पंजाब में जानलेवा हमला

कुरुक्षेत्र। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा पर पंजाब के पटियाला में रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। झींडा ने कमेटी के पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल पर हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दादूवाल ने अपने लोगों को उन्हें गोली मारने के लिए भड़काया। दादूवाल ने पिस्तौल दिखाते हुए उनकी गाड़ी को खोलने की कोशिश की, लेकिन उनके ड्राइवर ने गाड़ी को भगा लिया। इसके बाद दादूवाल ने अपने लोगों के साथ उनका पीछा भी किया। उन्होंने पुलिस चौकी में जाकर अपनी जान बचाई। झींडा ने पटियाला की सतराना पुलिस चौकी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, बलजीत सिंह दादूवाल ने आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि झींडा झूठ का पुलिंदा है।

चौकी के पास से व्यापारी के अपहरण का प्रयास

जुलाना। अपहरण के प्रयास की घटना की जानकारी देते व्यापारी।

- जुलाना अनाजमंडी में कार सवार दो बदमाशों ने कपड़ा डालकर व्यापारी को उठाना चाहा, लोगों के आने पर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में मंगलवार सुबह एक व्यापारी के अपहरण का प्रयास किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई।

व्यापारी सुशील सुबह के समय टहलने के लिए घर से निकले थे। जब वह अनाज मंडी स्थित चौकी के पास पहुंचे तभी एक सफेद रंग की कार अचानक उनके सामने आकर रुकी। कार से उतरे दो अज्ञात बदमाशों ने सुशील के मुंह पर कपड़ा डालकर जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। इस दौरान सुशील ने विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। धक्का-मुक्की में वह नीचे गिर गए लेकिन उनकी आवाज सुन कर आसपास के लोग सतर्क हो गए। लोगों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। जुलाना चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि एक व्यापारी को अपहरण करने की कोशिश की गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ससुरालियों ने पिस्तौल रख जमीन पत्नी के नाम करवाई, युवक ने किया सुसाइड

- अस्पताल में युवक ने वीडियो वायरल कर आपबीती बताई
- परिजनों ने चार पर करवाया केस, गिरफ्तार होने तक पोस्टमार्टम न करवाने पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

क्षेत्र के गांव लठेरा में एक 28 वर्षीय युवक द्वारा कीटनाशक निगलकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सुखबाज सिंह के रूप में हुई है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मरने से पहले युवक ने अस्पताल के बिस्तर से एक वीडियो संदेश भी रिकॉर्ड करवाया, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के नाम उजागर किए हैं। इस मामले में सदर पुलिस ने मृतक युवक की बहन की शिकायत पर मृतक की पत्नी, सास-ससुर और मामा ससुर सहित 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी दलबीर सिंह ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया लेकिन परिजन गिरफ्तारी तक पोस्टमार्टम न करवाने की मांग पर अड़े रहे।

पत्नी के खिलाफ शिकायत पर नहीं की कार्रवाई

मृतक की बहन ने आरोप लगाया कि उसके बाद से उसकी भाभी के अत्याचार उन पर बढ़ गए जिसके चलते वह अपने भाई को छोड़कर अपनी बुआ के पास सिरसा चली गई। उसकी भाभी अक्सर उसके भाई सुखबाज के साथ मार पिटाई करती थी, जिसको लेकर हमने पहले भी पुलिस को शिकायत दी थी लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। सुखपाल कौर ने बताया कि करीब दो महीने पहले रमनदीप कौर झगड़ा कर अपने मायके फतेहाबाद चली गई थी। इसके बाद से ससुराल पक्ष के लोग भी उसके भाई सुखबाज को लगातार परेशान कर रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से काफी तनाव में था। सुखपाल कौर ने बताया कि उसकी भाभी बच्चा नहीं चाहती थी जिसके कारण ही अभी तक दोनों के कोई संतान नहीं थी।

शिकायत में मृतक युवक की बहन सुखपाल कौर ने बताया कि उनकी गांव लठेरा में 11 एकड़ जमीन है। करीब 25 वर्ष पूर्व उसके उनके माता-पिता का देहांत हो गया था। इसके बाद पंजाब के बोहा निवासी ननिहाल में ही रहते थे। कुछ बड़े होने के बाद दोनों भाई बहन मिलकर गांव लठेरा आकर जमीन की देखभाल करने लगे। इस दौरान 2020 में सुखबाज सिंह की शादी फतेहाबाद निवासी रमन कौर के साथ हुई थी। सुखपाल कौर ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से सुखबाज के ससुराल पक्ष के लोगों की उनकी जमीन पर नजर थी। इसके चलते शादी के 2 साल में ही उसकी भाभी और ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी ढाई एकड़ जमीन को बिकवा दिया। करीब 2 साल पूर्व उसकी भाभी रमनदीप कौर, ससुर भूपेंद्र, सास मंजीत कौर व मामा ससुर जगजीत सिंह उर्फ बिट्टू ने उसके घर आकर कनपटी पर पिस्तौल रखकर उसे डरा- धमकाकर उनकी बाकी बची साढ़े 8 एकड़ जमीन भी उसकी भाभी रमनदीप के नाम करवा ली।

परीक्षा केंद्र में मोबाइल से नकल करता छात्र काबू

- भूना में परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल मिलने से जांच व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहीद राजेश कुमार राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर स्थित परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को 12वीं कक्षा की गणित परीक्षा के दौरान नकल का मामला सामने आया। भिवानी बोर्ड की स्पेशल चेयरमैन फ्लाइंग टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए एक छात्र को मोबाइल फोन के जरिये नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने मौके से मोबाइल और अन्य नकल सामग्री जब्त कर ली। परीक्षा से पहले तलाशी प्रक्रिया भी अपनाई गई थी, बावजूद इसके छात्र के पास मोबाइल मिलना जांच व्यवस्था की गंभीर चूक को दर्शाता है। इस संबंध में परीक्षा केंद्र के सुपरिंटेंडेंट जयदीप शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

नकल के 13 केस, 3 निरीक्षक रिलीव

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) गणित विषय तथा डी.एल.एड. रि-अपीयर की परीक्षा प्रदेशभर में सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक संचालित हुई। प्रदेशभर में गठित उड़नदस्तों द्वारा कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल के कुल 13 मामले दर्ज किए गए तथा परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने पर 3 पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष विशेष आरएएफ उड़नदस्ता द्वारा जिला झज्जर के परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि.,डावला-1 (बी-1)पर नियुक्त पर्यवेक्षक पूनम, हिन्दी प्रवक्ता व भगवानी देवी, इतिहास प्रवक्ता, रा.व.मा.वि., बिरधाना को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर कार्यभार मुक्त किया गया। उप-मण्डल प्रश्न-पत्र उड़नदस्ता, कनीना (महेन्द्रगढ़) द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि.,डोंगरा अहीर-1(बी-1) पर लिपिक की ड्यूटी दे रहे सुरेन्द्र कुमार, अंग्रेजी प्रवक्ता, जोकि इसी विद्यालय में नियुक्त होने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया।

बस के आगे लेटा अधेड़, चालक के इमरजेंसी ब्रेक लगाने से बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत बस स्टैंड पर उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई जब एक अधेड़ व्यक्ति अचानक भागकर एक चलती बस के नीचे लेट गया। उसका इरादा बस के पहिये के नीचे सिर कुचलवाकर आत्महत्या करने का था। गनीमत रही कि बस चालक ने अधेड़ की इस हरकत को भांप लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर कुछ इंच के अंतर से उसकी जान बचा ली। अधेड़ को हल्की चोटें आई हैं। आरोपी की पहचान राजू निवासी गांव कलिंगा, भिवानी के तौर पर हुई है।

घटना 15 मार्च की बताई जा रही है। जैसे ही रेवाड़ी डिपो की बस स्टैंड से निकलने के लिए चली तभी राजू ने भागकर उसके टायर के नीचे सिर रख दिया। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस के ब्रेक लगाकर उसकी जान बचा ली। कंडक्टर ने जैसे तैसे राजू को बस के नीचे से निकाला। इधर, हुडा सेक्टर 29 थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि आत्महत्या की चेष्टा करने वाला राजू मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है। वहीं, चालक की सूझबूझ से राजू का जीवन बच गया। राजू अस्पताल में उपाचाराधीन है और उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी देकर जांच शुरू कर दी है।

मौसम पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते हरियाणा व आसपास के क्षेत्र में दिखेगा बदलाव

आज रात से फिर बदलेगा मौसम, 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में 19 से 21 मार्च को बारिश, आंधी, अंधड़ और ओलावृष्टि की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते बुधवार रात हरियाणा व आसपास के क्षेत्र में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। दक्षिणी पंजाब और उत्तरी राजस्थान पर चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचने का प्रभाव पड़ेगा। इससे संपूर्ण पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी जबकि मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 19-21 मार्च के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ होने की संभावना है। इस दौरान 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं, अंधड़ व आंधी की भी आशंका है। इसके अलावा आईएमडी ने कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बिजली गिरने और ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। आईएमडी ने हरियाणा राज्य के अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, करनाल व पानीपत जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जबकि शेष 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। संभावित मौसम को देखते हरियाणा एनसीआर, दिल्ली में तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। दिन और रात्रि तापमान सामान्य से नीचे दर्ज होंगे। गर्मी ने अपने तीखे तेवरों को दिखाना शुरू कर दिया था, परन्तु जैसे ही 14 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ वैसे ही उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी राज्यों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। हवाएं एक बार से उत्तरी और उत्तरी पश्चिमी होने से बढ़ते तापमान पर लगाम लगी और गर्मी के तेवरों को ढीला बना दिया।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार 18 मार्च रात को एक नया मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होगा। आमजन को मार्च महीने में शीत ऋतु का अहसास होने लगेगा। आने वाले दिनों मार्च महीने के अंतिम दिनों में और अप्रैल महीने के पहले पखवाड़े में लगातार एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ अपना असर दिखाएंगे।

किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह

कृषि विशेषज्ञों ने बारिश और तेज गति की हवाओं, अंधड़, आंधी व ओलावृष्टि जैसे संभावित मौसम को देखते किसान को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार खेतों में जलजमाव न होने दें। अतिरिक्त पानी निकालने के लिए मेड़ काटकर चैनल बनाएं। यदि फसल कटी हुई है, तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें या तिरपाल से ढक दें। वेयर हाउस में संरक्षित करें। ओलावृष्टि के दौरान पेड़ों के नीचे, बिजली के खंभों के पास या कमजोर छप्परों के नीचे शरण न लें। सब्जियों व कतार वाली फसलों में मिट्टी चढ़ाएं ताकि वे गिरे नहीं। बारिश के पूर्वानुमान के दौरान उर्वरक या कीटनाशकों का छिड़काव न करें, क्योंकि इससे वे धुल जाएंगे। तेज गति की हवाएं, आंधी अंधड़ चलने पर किसान सिंचाई करने से बचें, क्योंकि इससे फसल के गिरने की संभावना बढ़ जाती है।

दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन और रात के तापमान गिरने लगे। इसकी वजह से दिन और रात के तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गए। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस से 15.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है और रात के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं जबकि सम्पूर्ण राज्य में दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है और दिन के तापमान भी सामान्य से नीचे बने हुए हैं।

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती, सेंसेक्स 568 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख और धातु एवं वाहन शेयरों में खरीदारी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन मजबूती रही। सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 172 अंक की तेजी रही।

■ धातु एवं वाहन शेयरों में रही खरीदारी

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 801.41 अंक बढ़कर 76,304.26 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,581.15 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू निवेशकों की तरफ से सस्ते दाम पर उपलब्ध शेयरों पर दांव लगाने से बाजार ने अपनी तेजी कायम रखी। वाहन, धातु और वित्तीय क्षेत्रों ने इस तेजी की अगुवाई की जबकि हाल की गिरावट में सबसे ज्यादा प्रभाव इन पर ही पड़ा था।''

हालांकि, नायर ने कहा पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी अनिश्चितता बनी रहने से यह कहना जल्दबाजी होगी कि अल्पावधि में यह तेजी कायम रहेगी। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.86 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.67 प्रतिशत के लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 1.63 प्रतिशत चढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार तेजी के रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख रहा

इन शेयरों ने की लाभ-हानि दर्ज

सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयरों में भी तेजी में रहे। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।

भारतीय रसायन उद्योग 2030 तक होगा 255 अरब डॉलर का

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश का रसायन उद्योग आर्थिक वृद्धि दर से तेज रफ्तार से बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक 230-255 अरब डॉलर के आकार तक पहुंच सकता है। मैकिंजी एंड कंपनी ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। वैश्विक प्रबंधन परामर्शदाता की इस रिपोर्ट के मुताबिक,

फिलहाल 155-165 अरब डॉलर के आकार वाला घरेलू रसायन उद्योग वैश्विक चुनौतियों के बावजूद आठ-नौ प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है। रसायन उद्योग की संभावनाओं पर केंद्रित रिपोर्ट में उच्च-वृद्धि वाले आठ क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है जिनमें सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन एवं बैटरियां, नवीकरणीय ऊर्जा, निर्माण, वैमानिकी एवं रक्षा, वाहन कलपुर्जा, बायो-टू-एक्स (जैविक स्रोतों से विभिन्न उत्पादों का उत्पादन) और ई-कॉमर्स शामिल हैं। रिपोर्ट कहती है कि ये सभी क्षेत्र वर्ष 2030 तक अतिरिक्त 30-35 अरब डॉलर की मांग पैदा कर सकते हैं और लगभग 16 प्रतिशत की दर से बढ़ सकते हैं। मैकिंजी एंड कंपनी ने कहा कि निर्माण से जुड़े रसायनों का बाजार 2030 तक दोगुना होकर 28 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जिसे अवसंरचना और शहरी विकास का समर्थन मिलेगा। पिछले एक दशक में भारत के रसायन उद्योग ने कुल शेयरधारक रिटर्न (टीएसआर) के मामले में करीब 17 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर हासिल की है।

रेनो की 'डस्टर' नए अवतार में लौटी, कीमत 10.49 लाख से शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। फ्रांसीसी वाहन विनिर्माता रेनो ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी मध्यम आकार की एसयूवी 'डस्टर' के पूरी तरह नए अवतार को 10.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया। रेनो के पूर्ण-स्वामित्व वाली भारतीय इकाई रेनो इंडिया ने यहां एक कार्यक्रम में

नई डस्टर के टर्बो पेट्रोल संस्करण को बिक्री के लिए जारी करते हुए कहा कि देशभर में इसकी डिलिवरी अब शुरू हो गई है। हिडाल्गो ने कहा कि डस्टर को मिल रहे समर्थन को देखते हुए कंपनी को अगले कुछ वर्षों में भारतीय बाजार में एक अच्छी हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद है। फिलहाल कंपनी की बाजार हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने डस्टर के हाइब्रिड संस्करण के अपने खंड में सबसे आगे रहने का भरोसा जताते हुए कहा कि यह शहर में 80 प्रतिशत तक बैटरी पर चलने में सक्षम है। इस संस्करण को महानगरों में लगभग 40 प्रतिशत बुकिंग मिली हैं और वर्ष 2026 के लिए निर्धारित हाइब्रिड क्षमता पूरी तरह से बुक हो चुकी है। नई डस्टर को देशभर में रेनो के 350 से अधिक बिक्री और 450 से अधिक सर्विस सेंटर के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 20 प्रतिशत होगी

नई दिल्ली। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2030 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बता कही। अधिकारी ने अनुसार, डिजिटल क्षेत्र की वृद्धि दर व्यापक अर्थव्यवस्था की तुलना में दोगुनी होगी। 'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लूएंस 2026' में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान करती है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दर विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग से और तेज होगी।

चांदी 6,000 चढ़ी, सोना 1,050 रुपये मजबूत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कीमती धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक का उछाल आया। चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 2.62 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जबकि सोना बढ़कर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमत 6,000 रुपये या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता

वाले सोने में लगातार तीन दिन की गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसकी कीमत 1,050 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गयी। विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा की कीमतों में यह उछाल भू-राजनीतिक तनाव के बीच 'सुरक्षित निवेश' वाली आस्तियों की मांग से प्रेरित था, भले ही वैश्विक संकेतक कमजोर बने रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि घरेलू बाजारों में रुपये के नरम पड़ने से हाजिर सोने की कीमतों को वैश्विक कमजोरी से अलग होने में मदद मिली है।हालांकि, जब तक फेडरल रिजर्व कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं देता, तब तक कीमतों में एक विस्तृत दायरे के भीतर उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है।

छोटे निवेशक अब सोने का वायदा कारोबार कर सकेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार से कम मात्रा में सोने में ट्रेडिंग की सुविधा शुरू कर दी है। इसके तहत कमोडिटी श्रेणी में 10 ग्राम सोने के वायदा अनुबंध (गोल्ड फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट) उपलब्ध होंगे। इस सुविधा से अब छोटे निवेशक भी छोटे आकार के गोल्ड अनुबंध में कारोबार कर सकेंगे। एक्सचेंज ने प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि निवेशकों के लिए नया उत्पाद तैयार है। इस अनुबंध को शुरू करने के लिए सेबी से जरूरी मंजूरी मिल चुकी है। इस अनुबंध में सोमवार से शुक्रवार तक कारोबार होगा, जिसका समय सुबह 9 बजे से रात 11:30 या 11:55 बजे तक रहेगा। वहीं, अधिकतम ऑर्डर साइज 10 किलोग्राम तय किया गया है। हर महीने समाप्ति एनएसई का यह नया वायदा अनुबंध हर महीने की श्रृंखला में उपलब्ध होगा। इसका कारोबारी चिह्न 'गोल्ड10जी' तय किया गया है।

मारुति पांच साल में सात नए एसयूवी मॉडल उतारेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की अग्रणी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने तेजी से बढ़ते एसयूवी खंड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अगले पांच-छह साल में सात नए एसयूवी मॉडल पेश करने की योजना बनाई है। एमएसआईएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने मंगलवार को एक निवेशक प्रस्तुति में यह जानकारी दी। इसके साथ ही ताकेउची ने कहा कि कंपनी पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरुआती स्तर वाली 'सुजुकी की विशिष्ट' कार भी पेश करेगी। सीईओ ने कहा, भारतीय यात्री वाहन बाजार में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में बाजार हिस्सेदारी सुरक्षित करने के लिए मारुति सुजुकी अपने एसयूवी पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरू कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जियो पेमेंट्स बैंक ने शुरू की यूपीआई आधारित कैश विड्रॉल सेवा

मुंबई। जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने यूपीआई आधारित कैश विदड्रॉल सेवा शुरू करने की घोषणा की है। जिसके तहत ग्राहक अब बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट टचपॉइंट्स पर क्यूआर कोड स्कैन कर नकद निकाल सकेंगे। मतलब बिना डेबिट कार्ड और पारंपरिक एटीएम न होने के बाद भी ग्राहक अपना पैसा निकाल सकेंगे। बैंक के अनुसार, नई सेवा खासतौर पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जहां एटीएम पहुंच सीमित है। ग्राहक अपने यूपीआई एप के माध्यम से ट्रांजैक्शन ऑथराइज कर आसानी से नकद प्राप्त कर सकेंगे। जियो पेमेंट्स बैंक ने कहा कि कार्डलेस कैश विड्रॉल सुविधा डिजिटल भुगतान और नकद उपयोग के बीच की दूरी को कम करेगी तथा पहली बार डिजिटल भुगतान अपनाने वाले उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और सहायक वातावरण में यूपीआई अनुभव प्रदान करेगी।

मारुति की स्वास्थ्य पहल से गुरुग्राम, रोहतक और सोनीपत को मिलेगा सहयोग

नई दिल्ली। मारुति सजुकी इंडिया लिमिटेड ("मारुति सजुकी") ने हरियाणा के ग्रामीण और सेमी-अर्बन समुदायों में स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए दो विशेष स्वास्थ्य पहलों को प्रारंभ करने की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-एसडीजी 3, एसडीजी 4 और एसडीजी 5 के अनुरूप, इन पहलों का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से किशोर, महिलाओं और माताओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है। रोहतक और खरखौदा के दो सरकारी स्कूलों में एक वर्ष की अवधि का मेंस्ट्रुअल हाइजीन प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसे आगे चलकर मानेसर के आठ स्कूलों तक विस्तारित किया जाएगा। मेंस्ट्रुअल हाइजीन महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण, लेकिन अक्सर कम चर्चा किया जाने वाला विषय है। कक्षा 6 से 12 तक के 4,500 से अधिक छात्रों तक पहुंचने की योजना के साथ यह कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने, भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छ आदतों को अपनाने और दीर्घकालिक व्यावहारिक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

सूचना

हम, दौलत राम पुत्र श्री कृष्ण लाल पुत्र बोदल राम व श्रीमति पिंकी पत्नी श्री दौलत राम पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी गांव सैम्पल, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र सुरेश व पुत्रवधु वन्दना हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

न्यायालय श्री जतिन्द्र गिल नायब तहसीलदार एंव सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गोहाना।

केस न० 604/एन०टी० तिथि दायरा 28.10.2025 तिथि पेशी 10.04.2026
किस्म मुकदमा तकसीम मौजा घडवाल
अनुमानः गुरदीप बनाम सतनारायण

पक्ष दोयम नं०
1. सतनारायण पुत्र मानसिंह पुत्र गंगामण निवासी घडवाल 9. प्रदीप पुत्र जगबीर सिंह पुत्र छोटूराम 10. नरेन्द्र पुत्र धर्मसिंह पुत्र छोटूराम 11. सन्नी देव पुत्र धर्म सिंह पुत्र छेटूराम 12. मनोज पुत्र रघबीर 13. रणबीर सिंह पुत्र छोटू पुत्र मुकेन्द 14. सुखबीर सिंह पुत्र छोटू पुत्र मुकुन्द निवासीगण गांव राठधाना 15. श्रीमती अनीता पत्नी जितेन्द्र सिंह पुत्र सुरजमल निवासी गांव पाण्डू पिण्डारा तह० व जिला जीन्द।
पक्ष दोयमगण

क्रमांक/आर० दिनांक

नोटिस बनाम फरीक दोयमगण बजरिये प्रकाशन अखबार तकसीम कृषि भूमि खेवट नं० 1195//1042/1 मिन खाता नं0 1229 रकबा 95 कनाल 12 मरले स्थित मौजा घडवाल तह० गोहाना जिला सोनीपत।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त केस अनुमान इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो फरीक दोयम का दुरूस्त पता ना होने का कारण फरीक अव्वल के वकील द्वारा अखबारी प्रकाशन किया जाना है। इसलिए अखबार में प्रकाशन के जरिए फरीक दोयमगण को सूचित किया जावे कि उपरोक्त केस की आगामी तिथि 10.04.2026 निश्चित है उपरोक्त फरीक दोयमगण जहां भी रहते निश्चित तिथि पेशी तक असालतन या वकालतन न्यायालय हाजिर आवे। अन्यथा उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, गोहाना

सूचना

तहसील परिसर, रेवाड़ी में स्थित कम्प्युटर दुकान को किराये पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 24.03.2026 को साँय 3.00 बजे बाल भवन, रेवाड़ी में होगी। दुकान की बोली 50820/- रूपये मासिक किराया जीएसटी अलग से शुरू की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 10.00 बजे तक बाल भवन, मॉडल टाऊन, रेवाड़ी कार्यालय में 20000/- रूपये अमानत राशि के बैंक ड्राफ्ट (जिला बाल कल्याण परिषद, रेवाड़ी के नाम से) या नगद जमा करवाकर भाग ले सकता है। नियम एवं शर्तें कार्यालय web site:wwwdccwrewari.com. पर उपलब्ध है।

हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी। रेवाड़ी।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक में दिल्ली बाईपास, शीला बाईपास, पावर हाउस, आई.सी. कॉलेज, डी-पार्क, मेडिकल मोड और जीन्द बाईपास चौक पर रेन शेल्टर का निर्माण (पुनः आमंत्रण)।	16.03.2026 24.03.2026	रु. 40.62 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 xenmcrohtak@gmail.com
2	नगर निगम रोहतक	बार कॉम्पलैक्स, रोहतक में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में पेंट कार्य।	16.03.2026 24.03.2026	रु. 5.00 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 xenmcrohtak@gmail.com

जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43928/I/88/6 दि. 17.03.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद डबवाली	चौटाला रोड से नर्सरी वार्ड-17 (डबवाली) तक सी.सी. रोड का निर्माण।	13.03.2026 30.03.2026	रु.30,63,399/-	https://etenders.hry.nic.in	7015438905 secymcdabwali@gmail.com
2	नगर परिषद डबवाली	वार्ड नं. 17 में राजीव वढेरा वाली गली में आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य (डबवाली)।	13.03.2026 24.03.2026	रु.19,18,146/-	https://etenders.hry.nic.in	7015438905 secymcdabwali@gmail.com
3	नगर परिषद डबवाली	डॉ. छारबड़ा से गांधी चौक वार्ड 3-4 (स्मार्ट रोड) तक सीसी रोड का निर्माण + 3 कार्य (डबवाली)।	16.03.2026 10.04.2026	रु.6,91,77,062/-	https://etenders.hry.nic.in	7015438905 secymcdabwali@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43922/I/88/6 दि. 17.03.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा वन विकास निगम, सिरसा (एचएफडीसी)	एचएफडीसी, सिरसा के कार्यालय के लिए एक अंशकालिक स्वीपर और सिरसा जिले के तहत सभी बिक्री डिपुओं के लिए टिम्बर वॉचर, सिरसा जिले में लॉगिंग प्रचालनों के लिए अतिरिक्त अपेक्षित कार्यों सहित बिक्री डिपुओं में वन और गैर-वानिकी क्षेत्रों से पेड़ों को गिराने सहित ठुंठों को उखाड़ना, कनवर्जन, मापन, रिकॉर्डिंग, लोडिंग, ढुलाई, उतराई और बिक्री डिपुओं में स्टेगिंग (लॉट्स बनाना) और एस.ओ.आर. में वर्णित अनुसार सभी सम्बन्धित कार्य + 1 कार्य।	16.03.2026 24.03.2026	रु.50,00,000/-	www.hfdc.gov.in	9671100067 hfdcsirsa@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43924/I/88/6 दि. 17.03.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (एचएसएसपीपी)	डीईई के तहत महेन्द्रगढ़ जिले में जीएमएस धोली में चारदिवारी की मरम्मत और 1 कन्या शौचालय, 1 लड़कों का शौचालय का निर्माण, जीपीएस कुकसियांद में चारदिवारी को ऊपर उठाना, जीपीएस सिगरा में चारदिवारी को ऊपर उठाना, जीपीएस अनावास में नई चारदिवारी का निर्माण। (सी.एम. घोषणा सं. 28508, 28511, 28509 और 28514) (केवल समितियों के लिए) समय सीमा :- 4 माह + 11 कार्य (महेन्द्रगढ़, पलवल, रेवाड़ी)।	12.03.2026 20.03.2026	रु.6,10,71,395/-	www.hsspp.in	9463239081 civilbranchssa4@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43926/I/88/6 दि. 17.03.26

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

S.No.	Lot No.	Description	Auction Start Date Time
1	ADVT-UMB-NLDM-OH-347-26-1	साइट प्लान के अनुसार नंगल डैम (NLDM) रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल/होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल दो (02) साइटें हैं जिनका कुल क्षेत्रफल 870 वर्ग फुट है।	30.03.2026 12.00 Hrs

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 916/2026

गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा (रजि०), रोहतक।

निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का स्थान	कार्य सूचना निविदा का नाम	बंद होने की तिथि	राशि (लगभग रूपये में)	बयाना राशि जमा	सिक्योरिटी
1	गांव पहरावर, नजदीक अस्थल बोहर रेलवे स्टेशन	गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक, सेक्टर-26, रोहतक की भूमि की चारदीवारी के निर्माण के ठेके के आवंटन हेतु प्रतिष्ठित, सक्षम, जिम्मेदार व इच्छुक व्यक्तियों / एजेंसियों से सीलबन्द निविदा आमंत्रित हैं।	24.03.2026 को सांय 4:00 बजे तक	133.71 लाख	2000/-रु० प्रति फार्म जमा करवाना होगा जो डिमांड ड्राफ्ट के रूप में Gaur Brahman Vidya Parcharini Sabha, Rohtak, के पक्ष में होगा।	कुल राशि का 10% जमा करवाना होगा जो डिमांड ड्राफ्ट के रुप में Gaur Brahman Vidya Parcharini Sabha, Rohtak, के पक्ष में होगा।

नोट : निविदा संबन्धित विवरण / नियम और शर्ते सभा की वेबसाईट (www.gbvps.org) से डाउनलोड किए जा सकते हैं। प्रशासनिक या अन्य कारणों से निविदाओं के रद्द होने / स्थगित होने की स्थिति में सूचना सभा की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी।



प्रशासक, गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा (रजि०), रोहतक

शब्द पहेली - 6168

बाएँ से दाएँ
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

ऊपर से नीचे
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

शब्द पहेली- 6167 का हल



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का ब्रसेल्स दौरा पूरा

ईयू नेताओं के साथ एफटीए पर की बातचीत आर्थिक क्षमता और संभावना पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रसेल्स का अपना दौरा पूरा किया। ब्रसेल्स के दौरे पर उन्होंने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के नेताओं और विदेश मंत्रियों से बातचीत की। उन्होंने हाल ही में हस्ताक्षर किए गए भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के तहत व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और गतिविधि में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक क्षमता पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रसेल्स के दौरे से संबंधित बैठकों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने ईयू विदेश मामलों के परिषद के सदस्यों से मुलाकात की और एंटोनियो कोस्टा, उर्सुला वॉन डेर लेयेन और ईयू के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास समेत वरिष्ठ यूरोपीय नेताओं के साथ चर्चा की।

एफटीएफ ईयू के साथ टर्निंग पॉइंट

डॉ. एस. जयशंकर काजा कैलास से मुलाकात करते हुए

विदेश मंत्री ने कहा कि एफटीए द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ा मील का पत्थर होगा। यह भारत-ईयू संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट है। यह न सिर्फ इसकी बहुत बड़ी आर्थिक क्षमता को उजागर करेगा बल्कि हमारे जुड़ाव की रणनीतिक प्रवृत्ति को भी दिखाएगा। दोनों पक्षों को व्यापार और निवेश प्रोत्साहन सहित व्यावहारिक गतिविधियों में एक-दूसरे की सक्रिय तौर पर मदद करनी चाहिए।

जयशंकर ने कहा कि व्यापार और तकनीकी परिषद (टीटीसी) को बेहतर किया जा सकता है। इससे नई और आधुनिक तकनीकों में सहयोग आसान होगा। सप्लाई चेन को सुरक्षित और मजबूत बनाना दोनों का साझा लक्ष्य है। एफटीए इस मकसद के लिए गहरे बिजनेस लिंकेज को बढ़ावा देगा।

जीसीसी में दोनों पक्षों की दिलचस्पी

विदेश मंत्री ने कहा कि स्किल्स की मोबिलिटी और टैलेंट फ्लो बहुत जरूरी हैं। भारत में लीगल गेटवे ऑफिस की स्थापना ध्यान देने लायक है। भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को बढ़ावा देने में दोनों पक्षों की एक जैसी दिलचस्पी है। दोनों पक्ष सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाकर सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। सूचना सुरक्षा समझौता जल्द पूरा किया जाएगा।

होर्मुज संकट पर भारत का दावा

ईरान से चल रही बातचीत, भारतीय जहाजों को सुरक्षित लाना ही लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ईरान और अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। कई जहाज अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में मौजूद हैं। हमारा इरादा ईरान और अन्य देशों के साथ मिलकर इन जहाजों को सुरक्षित वापस लाना है। यही हमारा उद्देश्य है और इस मुद्दे पर बातचीत जारी है। मानवीय सहायता के संबंध

में भी हम ईरान के साथ कई मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है। ब्रिक्स आपसी सहमति के आधार पर काम करता है। इस समय चल रहे संघर्ष में ब्रिक्स के कई सदस्य शामिल हैं। इसी वजह से देशों के बीच अलग-अलग रुख को एक साथ लाना मुश्किल हो रहा है। लेकिन हम सभी पक्षों के साथ लगातार जुड़े हुए हैं और बातचीत कर रहे हैं।

5 भारतीयों की मौत, 1 लापता, 2 शव सौंपे

वहीं, विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम महाजन ने कहा कि पहले की घटनाओं में कुल 5 भारतीयों की मौत हो चुकी है और एक अभी लापता है। ओमान से दो शव आज भारत पहुंच चुके हैं। ओमान, इराक और यूएई में हमारे दूतावास लापता भारतीय की तलाश और बाकी तीन मृतकों के शवों को जल्द भारत लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं।

पश्चिम एशिया में तनाव करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाए

हेलसिंकी (एजेंसी)। इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी हमलों की वजह से पश्चिम एशिया में इस समय भारी तनाव और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने दावा किया है कि भारत अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने में एक महत्वपूर्ण डिप्लोमैटिक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ते रहने के बीच तुरंत सीजफायर की अपील की। स्टब ने कहा कि वैश्विक कोशिशों को दुश्मनी रोकने और बातचीत के रास्ते खोलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत तनाव कम करने के मकसद से की जा रही कूटनीतिक कोशिशों में शायद मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें सीजफायर की जरूरत है। मैं सोच रहा हूं कि क्या भारत सच में इसमें शामिल हो सकता है।

■ फिनलैंड के राष्ट्रपति का सुझाव

अलेक्जेंडर स्टब

अमेरिकी अधिकारी जो केंट का ईरान युद्ध के विरोध में इस्तीफा

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के शीर्ष आतंकवाद-रोधी अधिकारियों में से एक जो केंट ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इसके पीछे ईरान युद्ध का विरोध और इजराइल के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर प्रभाव को कारण बताया। केंट नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "मैं अच्छे विवेक के साथ ईरान में चल रहे युद्ध का समर्थन नहीं कर सकता। ईरान से हमारे देश को कोई तत्काल खतरा नहीं था और यह स्पष्ट है कि हमने यह युद्ध इजराइल और उसके शक्तिशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया। ईरान युद्ध को लेकर इस्तीफा देने वाले केंट, ट्रंप प्रशासन के अब तक के सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। उनका यह कदम राष्ट्रपति ट्रंप के गठबंधन में बढ़ती दरारों को उजागर करता है। केंट, ट्रंप के करीबी सहयोगी टकर कार्लसन के मित्र हैं, जो इस युद्ध के सबसे मुखर आलोचक बनकर उभरे हैं।

नाटो देश ईरान जंग में साथ नहीं देना चाहते हम उनकी रक्षा करते हैं, वे नहीं कर रहे: ट्रंप

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि नाटो के ज्यादातर सहयोगी देश ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिकी सैन्य अभियान में शामिल नहीं होना चाहते। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका वर्षों से इन देशों की सुरक्षा पर अरबों डॉलर खर्च करता रहा है, लेकिन जरूरत के समय वे साथ नहीं आते। उन्होंने नाटो को 'वन-वे स्ट्रीट' बताया। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इस रवैये पर हैरानी नहीं है और अमेरिका को अब सहयोगी देशों की मदद की जरूरत भी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान की सैन्य ताकत को काफी हद तक खत्म कर दिया है और अब वह किसी के समर्थन के बिना भी स्थिति संभाल सकता है।

क्यूबा में पावर ग्रिड फेल 1.1 करोड़ लोग प्रभावित

हवाना। क्यूबा में सोमवार को बड़ा बिजली संकट सामने आया, जब देश का पावर ग्रिड पूरी तरह फेल हो गया और पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। इस घटना से करीब 1.1 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, देर रात देश का बिजली सिस्टम पूरी तरह डिस्कनेक्ट हो गया। लोग परेशान हो गए हैं।

कालाबाजारी रोकने के लिए देश में मारे गए 12 हजार छापे

नई दिल्ली। पश्चिम-एशिया क्षेत्र में ईरान और अमेरिका युद्ध की वजह से लगातार बिगड़ते हालातों के बीच मंगलवार को सरकार ने एक बार फिर से दोहराया है कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। तेल रिफाइनरियां अपनी 100% क्षमता के साथ उत्पादन कर रही हैं। वहीं, ये भी साफ किया कि एलपीजी के मामले को लेकर हालात चिंताजनक ही बने हुए हैं। किसी भी गैस वितरक के पास कमी या ब्लाई आउट की कोई सूचना नहीं है।

यूएन में अफगानिस्तान में हमलों को लेकर पाक को भारत ने लताड़ा

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी पड़ोसी देशों में 'इस्लामोफोबिया' (इस्लाम के प्रति घृणा) की काल्पनिक कहानियां गढ़ने की आदत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह सोचने वाली बात है कि इस देश में अहमदियाओं का क्रूर दमन, बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी या रमजान के पवित्र माह में हवाई बमबारी को क्या कहा जाएगा? हरीश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया से निपटने के अंतरराष्ट्रीय दिवस को संबोधित कर रहे थे।

भारत में 20 करोड़ मुस्लिम आबादी

भारत में 20 करोड़ से अधिक मुस्लिम आबादी का उल्लेख करते हुए हरीश ने कहा कि जम्मू कश्मीर समेत भारत में मुस्लिम समुदाय अपने प्रतिनिधियों का चुनाव स्वयं करता है। यूएन में जो 'फोबिया' दिखाई देता है, वह भारत में सभी समुदायों, विशेषकर मुस्लिम समुदायों के बीच मौजूद बहुसांस्कृतिक और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के खिलाफ है। ऐसे विमर्श भारत के मूल स्वभाव के विपरीत हैं।

यूएन धर्म और राजनीति से ऊपर

हरीश ने कहा कि इतिहास गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण समस्याओं का समाधान नहीं करता, बल्कि इससे विभाजनकारी सोच को बढ़ावा मिलता है। संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी संस्था है जो धर्म, संस्कृति और राजनीति से ऊपर है। इसकी विश्वसनीयता इसकी सार्वभौमिकता और निष्पक्षता में है। इसलिए हम ऐसे ढांचों से सावधान रहने की अपील करते हैं जो केवल एक धर्म पर केंद्रित हों।

चिंतन

पहले अपने घर को दुरुस्त करे कांग्रेस

राज्यसभा चुनावों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि राजनीति केवल संख्या का खेल नहीं, बल्कि संगठन, अनुशासन और नेतृत्व की असली परीक्षा भी होती है। इस बार के चुनावों में जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसने कांग्रेस की आंतरिक कमजोरियों को न सिर्फ उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि पार्टी अभी उस मजबूती से काफी दूर है, जो कभी इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा के दौर में देखने को मिलती थी। हरियाणा, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में जो घटनाक्रम सामने आया, वह केवल चुनावी हार-जीत की कहानी नहीं है, बल्कि संगठनात्मक बिखराव की गंभीर चेतावनी है। हरियाणा में कांग्रेस द्वारा अपेक्षाकृत कम चर्चित उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को मैदान में उतारना ही असंतोष की जड़ बन गया। नतीजा यह रहा कि पार्टी के पास 37 विधायक होने के बावजूद केवल 28 वोट ही उम्मीदवार के पक्ष में पड़े। हालात इतने बिगड़े कि विधायकों को एकजुट रखने के लिए उन्हें दूसरे राज्य में शिफ्ट करने जैसी रणनीति अपनानी पड़ी। यह स्थिति बताती है कि पार्टी के भीतर विश्वास और संवाद का अभाव गहराता जा रहा है। बिहार में स्थिति और भी चिंताजनक रही। यहां कांग्रेस और राजद के विधायकों द्वारा मतदान से दूरी बनाना महज लापरवाही नहीं, बल्कि नेतृत्व के प्रति असहमति का संकेत है। जब विधायक खुले तौर पर यह कहें कि उन्हें स्पष्ट निर्देश ही नहीं मिले तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पार्टी का कमांड और कंट्रोल सिस्टम आखिर कितना प्रभावी है। परिणामस्वरूप एनडीए ने सभी सीटों पर जीत दर्ज कर विपक्ष को करारा झटका दिया। ओडिशा में तो मामला अनुशासनहीनता की हद तक पहुंच गया। कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग करना और फिर पार्टी द्वारा उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना इस बात का प्रमाण है कि अंदरूनी असंतोष अब नियंत्रण से बाहर हो रहा है। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है, जहां व्यक्तिगत निर्णय पार्टी लाइन पर भारी पड़ रहे हैं। इन घटनाओं का सबसे गंभीर पहलू यह है कि यह सब उस समय हो रहा है, जब कांग्रेस खुद को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्यसभा जैसे अहम चुनावों में इस तरह की चूक यह दर्शाती है कि पार्टी का जमीनी ढांचा अभी भी कमजोर है। नेतृत्व की ओर से उम्मीदवार चयन में स्थानीय समीकरणों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नजरअंदाज करना महंगा साबित हो रहा है। इसके विपरीत, सत्तारूढ़ गठबंधन ने इन कमजोरियों का पूरा फायदा उठाया। बेहतर रणनीति, स्पष्ट निर्देश और मजबूत संगठनात्मक पकड़ के चलते उन्होंने अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की। यह अंतर साफ बताता है कि आज की राजनीति में केवल विचारधारा नहीं, बल्कि प्रबंधन और अनुशासन भी उतने ही जरूरी हैं। कांग्रेस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती आत्ममंथन की है। क्या पार्टी अपने भीतर के असंतोष को समय रहते दूर कर पाएगी? क्या नेतृत्व राज्यों में मजबूत और स्वीकार्य चेहरों को आगे लाने में सफल होगा? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या वह अपने विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच भरोसा कायम कर पाएगी? यह चुनाव कांग्रेस के लिए एक चेतावनी है कि सिर्फ विपक्ष में होना पर्याप्त नहीं, एक प्रभावी और संगठित विपक्ष बनना जरूरी है। वरना, रास के इस चुनाव में जो दरारें दिखी हैं, वे आने वाले समय में और भी गहरी हो सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि कांग्रेस भाजपा से लड़ाई के बजाय अपने घर को दुरूस्त करे।

मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

भारत के सामने क्यों है युद्ध रुकवाना चुनौतीपूर्ण

ब्रिक्स के गठन के बाद कुछ देशों में युद्ध के हालात बने लेकिन वे वैश्विक तेल और आर्थिक संकट की वजह नहीं बनें। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के संयुक्त युद्ध के हालात दुनिया में कई तरह की समस्याएं और संकट पैदा कर रहे हैं। अमेरिका के मित्र देशों पर ईरान के हमले के बाद हालात कुछ ज्यादा ही जटिल हो गए हैं। कई देशों में उनकी अर्थव्यवस्था पर सीधे असर पड़ा है। दुनिया भर में यह आशंका होने लगी है कि कहीं यह युद्ध विश्व-युद्ध का रूप न ले ले। उधर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् जल्द से जल्द युद्ध खत्म कराने की कोशिश में है। दूसरी तरफ भारत की कोशिश है कि जल्द से जल्द आपसी संवाद के जरिए युद्ध रोका जाए और तेल संकट जो दुनिया के लिए आर्थिक संकट के रूप में उभर आया है, उस पर आपसी सहमतियां बनें। ब्रिक्स के जरिए भी यह कोशिश हो रही है कि युद्धरत देशों में आपसी संवाद का रास्ता आगे बढ़े और युद्ध विराम हो। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मसूद ने कहा था कि यदि भारत ईरान का मित्र है तो ब्रिक्स को चाहिए कि बढ़ते संघर्ष से निपटने में मजबूत और रचनात्मक भूमिका निभाए। भारत ब्रिक्स का वर्तमान में अध्यक्ष है। अध्यक्ष होने की वजह से ईरान चाहता है कि भारत ब्रिक्स के जरिए अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों की निंदा करने के लिए सदस्य देशों में सहमति बैठाने की कोशिश करे।

भारत का दृष्टिकोण इस मामले में बेहद संतुलित है। विदेश मंत्रालय का मानना है कि इस मामले में सीधे किसी देश के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं हो सकता, इसलिए युद्धरत देशों में आपसी संवाद ही सबसे मुफीद रास्ता है। इस मुद्दे पर ब्रिक्स के भीतर सहमति बनाना बेहद कठिन हो गया है क्योंकि समूह के कुछ सदस्य देश मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल हैं। ब्रिक्स के सदस्य देशों के साथ भारत लगातार संपर्क बनाए हुए है और एक संवाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि शेरपा ब्रिक्स के सदस्य देशों का एक माध्यम है। इसके जरिए सदस्य देशों की आधिकरिक कूटनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाता है।

इसके जरिए किसी शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि आपसी संवाद को आगे बढ़ाते हैं और मुद्दों पर एक सहमति बनाने की कोशिश की जाती है। ब्रिक्स देशों के जो प्रतिनिधि उस देश के जरिए नियुक्त किए जाते हैं, उन्हें शेरपा कहा जाता है। ये शेरपा उन देशों के नेताओं के बैठक के पहले बैठक का एजेंडा, बयान और समझौतों के मसौदे तैयार करने में अहम रोल निभाते हैं। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त अधिकारी को 'शेरपा' कहा जाता है और उन अधिकारियों के बीच होने वाली बातचीत को शेरपा चैनल कहा जाता है। 'ब्रिक्स' की स्थापना के वक्त इसमें भारत, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और चीन शामिल थे। ये वे देश हैं जिन पर ईरान के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है या इजराइल-अमेरिका के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा युद्ध के हालात में ब्रिक्स देशों में युद्ध रुकवाने या अमेरिका-इजराइल के ईरान पर आक्रमण को लेकर निंदा का सर्वसम्मति सहमति न बन पाने की वजह सबके अपने स्वार्थ और एक दूसरे से संबंध हैं। वर्तमान में विश्व के हालात पिछले वर्षों में युद्धरत देशों से अलग तरह के हैं। गौरतलब है 2025 में ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स ने जून 2025 में ईरान पर इजराइल के हमलों को लेकर दो बयान जारी किए थे। इस साल भारत सहित ब्रिक्स देशों की स्थिति अलग तरह की है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात सहित गल्फ कोऑपरेशन कांउसिल (जीसीसी) के देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की है। वहीं पर ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों को लेकर भारत ने कोई बयान जारी नहीं किया है। सवाल यह है कि क्या कोई संयुक्त बयान जारी न करवा पाने की वजह से ब्रिक्स की प्रेंसीडेंसी की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है? क्या बयान जारी न करवा पाना मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता मानी जाएगी? दरअसल, पिछले साल के विश्व हालात और वर्तमान के हालात में अंतर है। ईरान ने अमेरिकी मित्र देशों पर हमला करके स्थिति को काफी जटिल बना दी है। इनमें से ज्यादातर देश ब्रिक्स के सदस्य हैं। इसलिए ईरान के प्रति हमदर्दी दिखाना धर्मसंकट जैसी स्थिति बन गई है। भारत फिर भी इस नीति पर चल रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो और युद्धरत देशों में संवाद की स्थिति बन बने। तेल और आर्थिक संकट से दुनिया के देश बाहर आएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

तकनीक
प्रमोद भार्गव

यूएस उतारेगा ईरान के विरुद्ध रोबोट सेना

सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है।

मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। इजराइल ऐसे सैनिक बना चुका है।

हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है। यह एक नए शीत युद्ध और नई तकनीक की होड़ की शुरुआत है,जो दुनिया को ऐसे स्व-नियंत्रित रोबोट सैनिकों को सौंपने जा रही है, जो कृत्रिम बुद्धि से विस्फोटक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इजराइल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो न केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजराइल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक अब तक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्कर्ष नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।ये सैनिक डर और थकान से मुक्त होंगे। कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि कहीं भविष्य में यह मशीनी रोबोट मनुष्य पर ही भारी न पड़ जाए। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इनटेलीजेंसी) से निर्मित

रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का लक्ष्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी, तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है। दरअसल, भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे।

इससे युद्ध में मानव सैनिकों के प्राण बचेंगे। परंतु रक्षा विशेषज्ञों की चिंता है कि यदि युद्ध के दौरान एआई में तकनीकी व्यवधान और हैकिंग के बड़े संकट हैं। अतएव इंसानी नियंत्रण से मुक्त इन मशीनी सैनिकों को फैसले लेने की छूट मिल जाती है तो ये युद्ध को पलों में तांडव में बदल सकते हैं, लेकिन भारत जैसे देश को सेना को बदलती परिस्थितियों की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य शत्रुओं की चुनौती कहीं अधिक है। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं, दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे। इसी मंशा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है। ये रोबोट वीडियोग्राफी के जरिए इनके ठिकानों के निश्चित स्थल से चित्र सहित अवगत करा देंगे। ये रोबोट सैनिक इसलिए इतने बौद्धिक रूप से सक्षम व चपल होंगे, क्योंकि इनके सॉफ्टवेयर की संरचना में इतनी बुद्धि डाल दी जाएगी कि भविष्य में ये मनुष्य के जैविक दिमाग से कहीं ज्यादा तेज गति से काम करने लग जाएंगे। इस मिली-जुली बुद्धिमत्ता के लिए एक नया शब्द 'सिंगुलैरिटी' अस्तित्व में आ गया है। यानी मशीनी दिमाग का आधिपत्य हो जाए तो इसे सिंगुलैरिटी शब्द से पुकारा जाएगा। बहरहाल तेज दिमाग और तात्कालिक चपलता से जुड़ी रोबो-आर्मी युद्धों में ऐसा वरदान साबित होगी, जो हमारे मानव सैनिकों के जीवन को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करेगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हृदय का करें अनुसरण

संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो

संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।



अंतर्मन

आज की पाती

राजनीति पर लगाम कसने के लिए मतदान जरूर करें

देश के चार राज्यों तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुड्डूचेरी में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका होती है। हर चुनाव में हर मतदाता को जरूर मतदान करना चाहिए। वैसे तो हर उम्र के मतदाताओं को मतदान में रुचि दिखानी चाहिए, लेकिन युवाओं का दायित्व बनता है कि वो देश की राजनीति की धूमिल होती छवि और अवसरवाद की ओर बढ़ती राजनीति पर लगाम कसने के लिए हर चुनाव में मतदान जरूर करे। महापुरुषों ने युवा वर्ग के लिए कहा था कि युवा देश, समाज में एक अच्छा और सचा बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाए या निभा सकता है। मतदान समझदारी से करना होगा। *– आरती, पानीपत*

ट्रेंड

महिलाओं की भागीदारी

भारत में स्टॉक एक्सचेंज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बढ़ती भागीदारी न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि देश की विकास यात्रा में महिलाओं की सशक्त और महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है।

-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री

किसानों की समृद्धि

प्रदेश के किसानों और उद्योगों की समृद्धि हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। वर्ष 2027 तक हर अन्नदाता को दिन में निर्बाध बिजली देने के संकल्प के साथ राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। अब हमारा किसान 'अन्नदाता' के साथ 'ऊर्जादाता' बनकर विकास को नई रोशनी दे रहा है।

-भजनलाल, सीएम, राजस्थान

पानी तक उपलब्ध नहीं

युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति थोड़ी बाधित हुई है। लेकिन झारखंड में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तो दूर की बात है, कांग्रेस-झामुमो की सरकार जनता को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

सम्मान की उम्मीद

जब कूटनीति से लेकर व्यापार और धर्म तक हर चीज़ को हथियार बना लिया जाता है, तो युद्ध से "कानूनों" या "नैतिकता" का सम्मान करने की उम्मीद करना एक कोरी कल्पना मात्र है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

अहमदिया के दमन को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी पड़ोसी देशों में 'इस्लामोफोबिया' (इस्लाम के प्रति घृणा) की 'काल्पनिक कहानियां गढ़ने' की आदत है और सवाल उठाया कि इस्लामाबाद के अपने ही देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन या रमजान के दौरान अफगानिस्तान पर हवाई बमबारी को कैसे देखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'भारत का पश्चिमी पड़ोसी देश अपने आसपास इस्लामोफोबिया की कल्पनिक कहानियां गढ़ने का उत्कृष्ट उदाहरण है।' उन्होंने कहा, 'यह सोचने वाली बात है कि इस देश में अहमदियाओं का क्रूर दमन, बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी या रमजान के पवित्र माह में हवाई बमबारी को क्या कहा जाएगा?' हरीश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया से निपटने के अंतरराष्ट्रीय दिवस को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 'इस्लामिक सहयोग संगठन' ने बार-बार भारत के खिलाफ झूठे और बेबुनियादी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस संगठन को 'हमारे पश्चिमी पड़ोसी ने भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करने की व्यवस्थित तरीके से कोशिश की है।'

ऑफ बीट

कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे 17 पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

- हरियाणा के खिलाड़ियों का चयन

सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए प्रदेश के 17 के पहलवानों का चयन हुआ है। इसमें ग्रीको रोमन 6 महिला और 6 पुरुष पहलवान, जबकि फ्री स्टाइल में 5 पुरुष पहलवान शामिल हैं। मंगलवार को सीनियर एशिया कुश्ती चैंपियनशिप की ट्रायल आयोजित की गई। लड़कियों की ट्रायल दिल्ली में आयोजित की गई। वहीं, लड़कों की ट्रायल लखनऊ में आयोजित की गई। रेसलिंग हरियाणा संघ के अध्यक्ष रमेश ने चयनित पहलवानों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 6 से 12 अप्रैल को किर्गिस्तान में आयोजित की जाएगी। कोच रणबीर ढाका, कोच मनदीप और कोच सचिन ने भी चयनित खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

कोच मनदीप के साथ मनीषा और मानसी लाठर

कोच के साथ प्रिंस

6 बेटियां और 6 बेटे ग्रीको रोमन और 5 पहलवानों का फ्री स्टाइल में चयन

सुनील

जयदीप

पुरुष वर्ग (फ्री स्टाइल)

वेट	पहलवान
65 किग्रा	सुजीत
70 किग्रा	अभिमन्यु
74 किग्रा	जयदीप
92 किग्रा	पुनित कुमार
125 किग्रा	दिनेश

चयनित खिलाड़ी

महिला वर्ग (फ्री स्टाइल)

वेट	पहलवान
53 किग्रा	मीनाक्षी
55 किग्रा	हंसिका
57 किग्रा	मनीषा
59 किग्रा	नेहा
68 किग्रा	मानसी लाठर
76 किग्रा	काजल

पुरुष वर्ग (ग्रीको रोमन)

वेट	पहलवान
60 किग्रा	साहिल
63 किग्रा	सन्नी
72 किग्रा	अनिल
82 किग्रा	प्रिंस
87 किग्रा	सुनील
130 किग्रा	जोगेंद्र राठी

(87 किलोग्राम में सुनील रेलवे की ओर से खेलते हैं, लेकिन मूलरूप से सोनीपत जिले का निवासी है।)

आईपीएल 2026

सूर्यवंशी और जायसवाल करेंगे आरआर की पारी का आगाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन का आगाज 28 मार्च से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़ गए हैं। राजस्थान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर वीडियो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे।

30 मार्च को भिड़ेंगे आरआर और चेन्नई सुपर किंग्स

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स अपने अभियान का आगाज 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ करेगी। पिछले सीजन राजस्थान का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 14 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में ही जीत दर्ज कर सकी थी। राजस्थान ने 9वें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। आईपीएल 2026 के लिए राजस्थान ने रियान पराग को कप्तान बनाया है। राजस्थान की ओर से इस बार रवींद्र जडेजा और सैम करन खेलते हुए दिखाई दे देंगे। यशस्वी जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। यशस्वी ने 14 मुकाबलों में 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 559 रन बनाए थे। इस दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 6 अर्धशतक लगाए थे।

मुंबई इंडियंस स्क्वाड से जुड़े रोहित

आईपीएल के आगाज का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 28 मार्च को लीग का पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल के नए सीजन के लिए स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के स्क्वाड से जुड़ गए हैं। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में एमआई ने बताया कि हिटमैन नए सीजन से पहले टीम में शामिल हो रहे हैं! मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा का एक और वीडियो जारी कर कहा था कि मुंबई का बादशाह आ चुका है। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा काफी लंबे वक्त से खेल रहे हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच बार आईपीएल चैंपियन बन चुकी है। आईपीएल में रोहित शर्मा के पास काफी अनुभव है, जिसका फायदा एमआई को मिलता है। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को आईपीएल 2026 के लिए 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया है।

प्री-सीजन कैंप में गुजरात टाइटंस की तैयारी जोरों पर

अहमदाबाद। आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम आईपीएल के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं। आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी। गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी। आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है।

खबर संक्षेप

टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुपः प्रतिका

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अर्धशतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच कराने की वकालत करते हुए इसे अपना पसंदीदा प्रारुप बताया है। प्रतिका ने कहा, टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुप है। बचपन से मेरे पिता और कोच कहते थे कि इस प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी है। जब आपको उसी तरह तैयार किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से यह आपका पसंदीदा प्रारुप बन जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विवियन रिचर्ड्स, सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग जैसे महान खिलाड़ियों के टेस्ट मैचों के वीडियो देखकर खुद को इस प्रारुप के लिए तैयार किया है।

चीन को हराकर ऑस्ट्रेलिया की फाइनल में एंट्री

पर्थ। सैम केर के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबर था, जिसके बाद चेल्सी की अनुभवी फारवर्ड केर ने 58वें मिनट में बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल दागकर स्कोर 2-1 किया, जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इससे पहले केटलिन फूर्ड ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी जबकि चीन ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर दागे झांग लिनयेन के गोल से बराबरी हासिल की।

अमेरिका के 7 शहरों में होंगे ओलंपिक के फुटबॉल मैच

लॉस एंजिलिस। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने, जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे।

वाडा लगा सकता है खेल स्पर्धाओं में ट्रंप पर बैन

न्यूयॉर्क। यह सुनने में भले अजीब सा लगे लेकिन विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी (वाडा) एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं।

टी20 सीरीज : दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर सिमटी

न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया, सीरीज में की बराबरी, फर्ग्यूसन-सीयर्स की घातक गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶ हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी, जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए।

द.अफ्रीका की खराब शुरुआत

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी द.अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 12 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर भी 16 रन बनाकर मिचेल सैंटनर का शिकार बने। टॉनी डी जॉर्जी का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा, और वह 4 गेंदों में सिर्फ एक ही बना सके। रुबिन हरमन 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जेसन स्मिथ 12 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की गेंद पर बेन सियर्स को कैच देकर पवेलियन लौटे।

बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब : केशव महाराज

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, 'मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था।' तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

लिंडे ने 275 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन

दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए।

चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए जॉर्डन हरमन

साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। हरमन हैमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके चलते अब वह बचे हुए 4 टी20 मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मैच में ही जॉर्डन हरमन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। इस मुकाबले में फील्डिंग करते हुए हरमन चोटिल हो गए थे। हरमन के स्कैन में ग्रेड टू टियर की पुष्टि हुई है। हालांकि, प्रोटियाज टीम ने अभी तक हरमन के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पुष्टि करते हुए कहा, जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाकी मैच से दाईं हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं।

हरिहरन-अर्जुन युगल के दूसरे दौर में, आकर्षी ने ओरलियंस मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया

ओरलियंस। हरिहरन अम्साकरुनन और एम आर अर्जुन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि आकर्षी कश्यप ने क्वालीफाइंग दौर में दो जीत दर्ज कर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। हरिहरन और अर्जुन के खिलाफ चेक गणराज्य के जिरी क्राल और ओन्ड्रेज क्राल की जोड़ी पहले गेम में 10-21 से हारने के बाद मुकाबले से हट गई। पिछले साल अल ऐन मास्टर्स सुपर 100, तुर्किये इंटरनेशनल चैलेंज और तेलंगाना इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज खिताब जीतने वाली यह भारतीय जोड़ी अब स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन और एडम प्रिंगल की जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज आकर्षी ने पहले मुकाबले में हमवतन श्रीयांशी वलीशेट्टी को 21-19, 17-21, 21-13 से हराया और फिर अगले मैच में ताइपे की ली वाई एच को 21-17, 21-19 से मात दी। अब उनका मुकाबला सिंगापुर की येओ जिया मिन से होगा। पुरुष एकल के क्वालीफाइंग राउंड में एस सुब्रमणियन को मलेशिया के ली जी जिया से 12-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। ली जी जिया पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं और 2025 सत्र में चोटों से जूझने के बाद वापसी का प्रयास कर रहे हैं। महिला युगल में, भारतीय जोड़ी अश्विनी भट के और शिखा गौतम को रुई हिरोकामी और सायका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ वॉकओवर मिला।

वनडे रैंकिंग

स्मृति शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग, पहुंची सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर 21वें स्थान से

संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

टी-20 में अमेलिया ने हासिल की 694 रेटिंग

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल की हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं। जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है।

कारपोरेट जगत भी स्क्वाश की ओर आकर्षितः रमित

भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है, जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।' टंडन ने कहा, 'ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है।'

PUBLIC NOTICE

NISSAN MOTOR INDIA PVT. LTD.

The present publication is being issued on behalf of M/s Nissan Motor India Private Limited **("NMIPL")** to state that **Elina Carzone (Elina Nissan)** has ceased to be an Authorised Display Center of NMIPL on 1st January 2026 at the following location-

- Showroom: Land No.-118, 22/2, Bhiwani-Rohtak Road, Opposite Central School, Bank Colony, Bhiwani- 127001, Haryana.

and has no right to accept any fresh bookings henceforth including the vehicles already available in the dealership stock.

It is further informed that NMIPL has no connection whatsoever with any fresh bookings offered at the aforementioned location by Elina Nissan. Any person or entity making any fresh bookings for selling Nissan vehicles or servicing the same with Elina Nissan at the above mentioned location will be doing so at their own risk with no claims against NMIPL.

This information is issued in the interest of General Public.

टी-20 विश्व कप 2024 में अनुभवी जोश कारगर साबित हुआ था

युवाओं के जुनून से जीते विश्वकप: सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप की दो चैंपियन टीमों की तुलना करते हुए कहा कि 2024 की टीम के खिलाड़ियों में आईसीसी ट्रॉफी के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म करने के लिए 'अनुभवी जोश' था, जबकि इस साल खिताब का बचाव करने वाली टीम के पास 'युवाओं का जोशीला जुनून' था। सूर्यकुमार ने ट्रॉफी जीतने वाली दोनों टीमों के बीच मामूली अंतर पर बात की। वह 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। उस टीम में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। बारबाडोस में मिली जीत के बाद इन तीनों दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के सबसे छोटे प्रारुप से

संन्यास ले लिया था । इसके बाद टीम की कमान निर्भीक सूर्यकुमार ने संभाली, जिन्होंने टी20 में भारत के खेल को अगले स्तर पर पहुंचाया। सूर्यकुमार ने दोनों टीमों की तुलना करते हुए कहा, 'दोनों टीमों में बस उन्नीस बीस का फर्क था। वो एक्सपीरियंस (अनुभव) वाला जोश था, इधर एकदम खून गरम था लड़कों का।'

हमारे पास अनुभव कम लेकिन उत्साह अधिक

सूर्यकुमार ने ने कहा, ' जहां तक इस साल की बात है तो मैं कह सकता हूं कि हमारे पास अनुभव कम था लेकिन उत्साह अधिक था। अधिकतर खिलाड़ी 25 से 27 साल के हैं। उन्हें यह समझाना जरूरी था कि भारत में विश्व कप जीतने का अनुभव कैसा होता है, वह भी तब जबकि स्टेडियम में 50,000 लोग, एक लाख लोग आपका हौसला बढ़ा रहे होते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा, ' उस समय कैसा महसूस होगा, खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी था। अन्यथा मेरे विचार से अगर टीमों के कौशल को देखें तो टी20 प्रारुप में मामूली अंतर ही होता है। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार खिलाड़ियों में अधिक जोश था।'

क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक किए हासिल

सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतावाक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने, जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रही है।'

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री गुरदीप सिंह श्रीमती मधुवती, श्रीमती मुख्त्यारो बाई गुरदीप सिंह इलैक्ट्रिशियन (प्रोस्पैक्ट नं. IL10645960)	गांव भंगु, सिरसा, हरियाणा-125077 में स्थित हदबस्त नं. 191, खेवट नं. 341 खतौनी नं. 566, खेवट नं. 420 खतौनी नं. 688, खेवट नं. 529 खतौनी नं. 833 नई खेवट नं. 368 खतौनी नं. 587, खेवट नं. 454 खतौनी नं. 708, खेवट नं. 578 खतौनी नं. 862 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 10890.00, 1364.00.	रु. 452833/- (रुपये चार लाख बावन हजार आठ सौ तैंतीस केवल)	24/10/2025	12/03/2026
श्रीमती सोनू रानी श्री सुल्तान, श्री सुशील कुमार, सोनू रानी डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10654690)	गांव बुर्ज भंगा, सिरसा, हरियाणा-125077 में प्लॉट/मकान एलजीडीआईडी नं. आईडी 606090082, यूआईडी नं. 60609WW0S1000R0082A के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 679.00, 548.00.	रु. 467844 (रुपये चार लाख सड़सठ हजार आठ सौ चवालीस केवल)	24/10/2025	12/03/2026
श्री बलिराम, श्री अर्जन राम, श्रीमती सावित्री देवी, बलिराम पेंटर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10460907)	गांव बहिया के लाल डोरा, तहसील रानियां, जिला सिरसा, हरियाणा, भारत-125075 में स्थित यू.आई.डी. नं. 608030022, सम्पत्ति आई.डी. नं. 60803 NKDM2000RL012D वाले प्लॉट/मकान/सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1769.00, 868.00, 694.00.	रु. 402121/- (रुपये चार लाख दो हजार एक सौ इक्कीस केवल)	11/09/2025	12/03/2026
श्री रवि कुमार श्रीमती कृष्णा देवी रवि कुमार इलैक्ट्रिशियन (प्रोस्पैक्ट नं. IL10694245)	गांव खारियां, तहसील रानियां, जिला सिरसा, हरियाणा, भारत-125076 में स्थित खसरा नं. 1149(0-19) में निहित खेवट नं. 423 खतौनी नं. 470 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2586.00, 1409.00, 1127.00.	रु. 547988 (रुपये पांच लाख सैंतालीस हजार नौ सौ अट्ठासी केवल)	24/10/2025	12/03/2026
श्री बलजीत सिंह, श्रीमती मंजीत रानी, श्रीमती निहालो बाई, बलजीत पलम्बर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10747270)	गांव कुताबाद के लाल डोरा, तहसील ऐलनाबाद व जिला सिरसा, हरियाणा, भारत-125055 में स्थित एलजीडी आईडी नं. 608330035 और यू.आई.डी. नं. -60833 WM1MRS10R0035A वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1707.00, 680.00,500.00.	रु. 495177 (रुपये चार लाख पचानवे हजार एक सौ सतहत्तर केवल)	15/09/2025	12/03/2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 18.03.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

साल 2025 में 41.41 लाख फर्जी राशन कार्ड खत्म किए : सरकार

हरियाणा में मिले देश के सबसे ज्यादा 30% फर्जी राशन कार्ड

खाद्य राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने राज्यसभा में जानकारी

हरियाणा में लगभग 13.43 लाख अपात्र कार्ड मिले, राशन कार्ड और लाभार्थियों के आंकड़ों का पूरी तरह डिजिटलीकरण किया जा चुका

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि वर्ष 2025 में 41.41 लाख अपात्र राशन कार्ड खत्म किए गए। राज्यसभा में खाद्य राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने बताया कि हरियाणा में सर्वाधिक लगभग 13.43 लाख राशन कार्ड (करीब 30 फीसदी), राजस्थान में 6.05 लाख, उत्तर प्रदेश में 5.97 लाख, पश्चिम बंगाल में 3.74 लाख और मध्य प्रदेश में 2.60 लाख अपात्र राशन कार्ड खत्म किए गए।

बंभानिया ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में प्रौद्योगिकी के उपयोग के परिणामस्वरूप सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपात्र राशन कार्डों को खत्म करने में सफलता हासिल की है। वर्ष 2025 में कुल 41.41 लाख फर्जी राशन कार्ड खत्म किए गए, 2024 में यह संख्या 48.85 लाख और 2023 में 41.99 लाख थी। पीडीएस में चल रहे सुधारों के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राशन कार्ड और लाभार्थियों के आंकड़ों का पूरी तरह डिजिटलीकरण किया जा चुका है। देश की लगभग सभी उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) को खाद्यान्न वितरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक "प्वाइंट ऑफ सेल" (ईपीओएस) उपकरणों की स्थापना से स्वचालित किया गया है। 99.2 % लाभार्थियों को आधार से जोड़ा जा चुका है और 98.75 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण आधार आधारित बायोमेट्रिक सहित डिजिटल प्रमाणीकरण से किया जा रहा है।

3 वर्षों में 5.18 लाख से अधिक खाद्य नमूनों की जांच

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि 2022-23 से 2024-25 की अवधि के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों तथा एफएसएसएआई के क्षेत्रीय कार्यालयों ने 5.18 लाख से अधिक खाद्य नमूनों की जांच की। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि इस अवधि में 88,192 मामलों का निपटारा जुर्माने के साथ किया गया, जबकि 3,614 मामलों में दोषसिद्धि हुई और 1,161 लाइसेंस रद्द किए गए।

लोकसभा से 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की मर्यादा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा।

टीएमसी बंगाल में 294 में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेगी, दोनों दिग्गज भबानीपुर में मैदान

तय हो गया ममता और सुवेंदु का महा मुकाबला

- **भाजपा नेता ने नंदीग्राम में हराया था**
- **बीजीपीएम तीन सीटों पर लड़ेगी**

भाषा ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीट में से 291 सीट के लिए उम्मीदवारों की मंगलवार को घोषणा की। राज्य में लगातार चौथी बार सत्ता में आने का प्रयास कर रही पार्टी ने इस बार चर्चित हस्तियों की जगह संगठन पर पकड़ रखने वाले नेताओं को तरजीह दी है। भवानीपुर में ममता बनर्जी-शुभेंदु अधिकारी की प्रतिद्वंद्विता नया चुनावी रंग लेने जा रही है, जहां मुख्यमंत्री अपनी सीट की रक्षा करेंगी, जबकि भाजपा ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष को मैदान में उतारा है। यह दो प्रतिद्वंद्वियों के बीच सीधा आमना-सामना होगा, जो पहली बार 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम में भिड़े थे, जब अधिकारी ने ममता को नजदीकी अंतर से हराया था। कालीघाट स्थित अपने आवास से उम्मीदवारों की सूची की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी दार्जिलिंग पहाड़ियों की तीन सीटें सहयोगी भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) के लिए छोडेगी, जिसका नेतृत्व अनित थापा कर रहे हैं। बनर्जी ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 226 सीट जीतने का विश्वास व्यक्त किया।

भवानीपुर पर होगी नजर

पिछले विधानसभा चुनाव में ममता दो सीटों से चुनावी मैदान में उतरी थीं। एक नंदीग्राम व दूसरी भवानीपुर विधानसभा। नंदीग्राम में ममता का सुवेंदु से मुकाबला था। यहां वो सुवेंदु से चुनाव हार गईं थीं। भवानीपुर से उन्होंने जीत हासिल की थी।

उत्तर बंगाल सीटों पर दांव

उत्तर बंगाल में कई प्रत्याशी घोषित किए हैं। मालतीपुर से अब्दुर रहीम, इंग्लिशबाजार से आशीष और सुजापुर से सबीना यास्मीन को टिकट मिला है। जंगीपुर से जाकिर और मुर्शिदाबाद से सायनी सिंह रॉय को टिकटा दिया है।

असम में 12 के नाम घोषितः एआईयूडीएफ प्रमुख अजमल बिन्नाकांडी सीट से लड़ेंगे चुनाव

असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल बिन्नाकांडी सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की दूसरी लिस्ट में 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी ने अब तक 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस लिस्ट में चार हिंदू उम्मीदवारो को भी चुनाव लड़ने का मौका मिला है।

रोजगार के मोर्चे पर चिंता बरकरार: अजीम प्रेमजी विवि की रिपोर्ट में दावा

ग्रेजुएशन के बाद 40% युवा बेरोजगार

- **20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ बेरोजगार**
- **स्नातकों की बढ़ती संख्या से समस्या और बढ़ गई**
- **केवल 7% को ही स्नातक होने के एक साल के भीतर स्थायी नौकरी मिल पाती**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

देश में 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं और स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर बहुत कम लोगों को ही निश्चित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। अजीम प्रेमजी विवि की रिपोर्ट 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' में पाया गया कि बेरोजगार के रूप में पंजीकरण कराने के एक वर्ष के भीतर केवल करीब सात प्रतिशत स्नातकों को स्थायी वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। रिपोर्ट में कहा गया कि स्नातक बेरोजगारी दर उच्च बनी हुई है। 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर करीब 40 प्रतिशत और 25 से 29 वर्ष आयु वर्ग में 20 प्रतिशत है। इसमें कहा गया कि स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर केवल एक छोटा हिस्सा ही स्थायी वेतन वाली नौकरी हासिल कर पाता है। हाल के वर्षों में स्नातकों की बढ़ती संख्या के कारण यह समस्या और बढ़ गई है।"

आईटीआई की संख्या 300% बढ़ी, गरीब परिवारों की भागीदारी में बढ़ोतरी

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2010 के बाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या में करीब 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ गुणवत्ता को लेकर चिंताएं भी सामने आई हैं, खासकर निजी संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता चिंता का कारण बनी हुई है। वहीं रिपोर्ट के अनुसारउच्च शिक्षा में गरीब परिवारों की भागीदारी बढ़ी है, जो 2007 के आठ प्रतिशत से बढ़कर 2017 में 15 प्रतिशत हो गई है। हालांकि रिपोर्ट ये भी कहती है कि अभी भी आर्थिक बाधाएं बनी हुई हैं। इंजीनियरिंग व मेडिकल जैसे महंगे पेशेवर पाठ्यक्रमों में अपेक्षाकृत संपन्न वर्ग के छात्र-छात्राओं की भागीदारी अधिक रहती है।

बेहद कम युवाओं को मिल रहा स्थायी रोजगार

ग्रेजुएशन पूरा होने के एक वर्ष के भीतर बहुत कम संख्या में ही युवाओं को स्थायी रोजगार मिल पाता है। ग्रेजुएट्स युवाओं को आय के मामले में लाभ मिलता है और उनकी शुरुआती कमाई नॉन ग्रेजुएट्स के मुकाबले लगभग दोगुनी होती है। रिपोर्ट की मुख्य लेखिका एवं विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की एसो प्रोफेसर रोजा अब्राहम ने कहा कि अध्ययन पिछले 40 वर्ष के आधिकारिक आंकड़ों पर आधारित है और शिक्षा से रोजगार तक युवाओं की यात्रा तथा उसमें आए बदलावों को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि स्वतंत्रता के बाद भारत ने शिक्षा से जुड़े कई अंतर को पाटने में उल्लेखनीय प्रगति की है। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात भारत के विकास स्तर के अनुरूप है। शिक्षा तक पहुंच में लड़का-लड़की और जाति आधारित सामाजिक-आर्थिक बाधाएं कम हुई हैं (हालांकि अब भी काफी काम बाकी है)। हालांकि, इसके साथ रोजगार में प्रभावी बदलाव नहीं हुआ है। युवा स्नातकों के लिए बेरोजगारी दर लगातार ऊंची बनी हुई है।

अंडों पर लिखनी होगी एक्सपायरी डेट, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई

लखनऊ (उप्र)। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से अंडों पर उसके उपयोग की आखिरी तारीख (एक्सपायरी) दर्ज करने का निर्णय लिया है और दवाओं के पत्तों की तरह अंडों पर भी यह प्रयोग होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, एक अप्रैल से अंडा उत्पादकों के लिए एक्सपायरी डेट का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। मंगलवार को राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मुकेश मेश्राम ने बताया कि अंडा उत्पादकों को हर अंडे पर उत्पादन की तारीख और एक्सपायरी की तारीख की मुहर लगानी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 30 डिग्री सेल्सियस के सामान्य तापमान पर रखे गए अंडों का इस्तेमाल, अंडे दिए जाने की तारीख से दो सप्ताह के अंदर कर लेना चाहिए; और जब अंडों को दो डिग्री सेल्सियस से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच के रेफ्रिजरेशन तापमान पर रखा जाता है, तो उनका इस्तेमाल अंडे दिए जाने की तारीख से पांच सप्ताह के अंदर किया जा सकता है।

संजय दत्त-नोरा फातेही के गीत सरके चुनर के बोल को लेकर विवाद, गीतकार ने दी सफाई

नई दिल्ली (भाषा)। गीतकार रकीब आलम ने संजय दत्त अभिनीत फिल्म रकेडी द डेविल्श के गीत सरके चुनर के अश्लील बोल को लेकर हुए विवाद से मंगलवार को दूरी बना ली और कहा कि इस गीत का कन्नड़ संस्करण से अनुवाद किया गया है और शुरुआत में उन्होंने इसे लिखने से इनकार कर दिया था। विवाद और आलोचनाओं के बाद गीत आधिकारिक यूट्यूब पेज से हटा दिया गया है। सोशल मीडिया पर यह अब भी साझा किया जा रहा है। चार भाषाओं में डब की गई कन्नड़ फिल्म केडी द डेविल 30 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। आलम ने एचटी सिटी से कहा कि मैंने ये बोल नहीं लिखे। फिल्म के निर्देशक प्रेम ने कन्नड़ में ये बोल लिखे थे। जब मुझे ये सब लिखने के लिए कहा गया तो मैंने यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि ऐसे गीत चलते नहीं है और इसे सेंसर भी कर दिया जाएगा। विवाद के बाद आलम ने कहा कि फिल्म की टीम ने उनसे साफ-सुथरे बोल के साथ दोबारा गीत लिखने को कहा। आलम ने कहा कि वे यह जानते हुए माफीनामे के साथ गीत रिलीज करने की योजना बना रहे थे कि बोल द्विअर्थी हैं।

डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।

उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूसीसी होगा लागू

अहमदाबाद(एजेंसी)। उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से बनाई गई विशेषज्ञ समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है। इससे पहले सरकार ने 4 फरवरी 2025 को एक 5 सदस्यीय समिति बनाई थी। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना देसाई कर रही थीं।

- **समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी**

नैनीतालः 24-36 घंटे तक बिजली रही गुल

नैनीताल (भाषा)। नैनीताल में रविवार को तूफान और भीषण ओलावृष्टि के दौरान जमीन से उखड़े पेड़ों और उनकी टूटी टहनियों की चपेट में आकर बिजली की कई तारें नीचे आ गयीं जिससे शहर के एक बड़े हिस्से में 24 से 36 घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली गुल होने से निवासियों, पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों और यहां तक कि अदालती कार्यवाही भी प्रभावित हुई। उधर, असम में आए तूफान के कारण सोमवार रात से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। तूफान से करीब 8,000 लोग प्रभावित हुए हैं। अफसरों रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

असम में तूफान के कारण एक की मौत, 8,000 से अधिक लोग प्रभावित

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28